


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 53/ अंक 95/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, रविवार 5 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के दर्शन करने पहुंचे। श्री मोदी की 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज से लगभग 26 मिनट तक एकांत में चर्चा हुई ।



नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद प्रफुल्ल पटेल ने आज आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गोंदिया प्रवास के अवसर पर उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री से चर्चा हुई।

## दो बड़े नेता बेटों को सेट, एमपी को अपसेट करने में लगे: मोदी

**सिवनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिवनी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के निरंतर विकास चाहिए, मध्य प्रदेश को लगातार सुशासन चाहिए। भाजपा है तो भविष्य बेहतर है। भाजपा के तो विकास है। उन्होंने कहा कि जनता की गारंटी भाजपा को जिताने की है। सभा में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते भी मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एमपी में कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही है। उसको चुनाव जीतना नहीं है, वो चुनाव लड़ने का ढोंग कर रही है। कांग्रेस सीएम की कुर्सी के लिए नहीं लड़ रही है। वो इस बात के लिए लड़ाई लड़ रहे है कि किसका बेटा कांग्रेस पर कब्जा करेगा। ये एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने में लगे हैं। यहां के दो कांग्रेस नेता अपने बेटों को सेट करने में प्रदेश को अपसेट करने में लगे हैं। जिनको अपने बेटे- बेटी की चिंता है वो आपके बार में सोचेंगे क्या। मध्य प्रदेश में जो पहली बार चुनाव में वोट डालेंगे उन्हें यह सोचने की जरूरत है। कांग्रेस नेताओं के भाषण सुनिए, दादा-दादी ने ये किया, नाना-नानी ने ये किया। हमें वोट दो क्योंकि वो हमारे दादा-दादी थे।

कांग्रेस ने भारत की आजादी का पूरा श्रेय केवल एक ही परिवार के नाम कर दिया। जहां कांग्रेस सरकार में रहती है। वहां सरकारी योजनाएं, गलियां और सभी चीजें उस परिवार के नाम पर कर दी जाती है। उन्होंने कहा मैं हार नहीं मानूंगा। ये भाजपा ही है जिसने आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया। कांग्रेस लोगों के बीच जाकर झूठ फैला रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में मोबाइल फोन की कीमत भाजपा की सरकार में कम हुई है। इसमें उपयोग हो रहा डेटा भी हमारी सरकार में ही सस्ता हुआ हैं। कांग्रेस की सरकार में देश में सबसे कम मोबाइल फोन बनाने वाली फैक्ट्री थी।

## कांग्रेस की सभी गारंटी योजना फेल: अनुराग ठाकुर

**भोपाल।** भोपाल में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, मध्यप्रदेश में कांग्रेस के हाईकमान केवल झूठी बातें करने आ रहे। कांग्रेस गारंटी दे रही है, मगर गारंटर गायब हैं। हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटी फेल है। राहुल गांधी भी फेल हैं।

भोपाल में आज मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और बड़ा खिलाफी के आरोप लगाए। श्री ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में 2018 में कमलनाथ की सरकार बनी थी। लेकिन उन्होंने नहीं किसानों का कर्जा माफ किया और न ही



गरीबों की किसी भी तरह से राहत दी। इस वादा खिलाफी से उनकी ही पार्टी के मंत्री वरिष्ठ पदाधिकारी नाराज हो गए और उनकी सरकार को गिरा दिया। उन्होंने कहा कि अभी गत वर्ष हिमाचल और गुजरात में कांग्रेस की सरकार बनी उन्होंने वहां पर भी गारंटी योजना फेल हैं हिमाचल प्रदेश चुनाव से पहले महिला सुरक्षा , बिजलिव्यीजना, नौकरी गारंटी योजना, सहित सभी योजना में सरकार फेल है। कांग्रेस सिर्फ वादा खिलाफी करती । सालों से जनता के साथ ठगी करती आ रही। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महादेव एप घोटाले में लिप्त है। इनके सभी मंत्रियों के यहां पर ईडी सीबीआई के छापे पद रहे हैं। मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार ने जनता को हर क्षेत्र में राहत दी है, चाहे खाद्य योजना हो, या महिलाओं को लेक लाडली बहाना योजन, उज्जवला योजना, कन्या योजना, सभी तरह से जानता को राहत पहुंचाई है।

## सरकार बनने पर भारती और नायक को मंत्री बनाएंगे: नाथ



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज दतिया में कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र भारती के पक्ष में किला चौक पर जनसभा की। इस दौरान मंच से कमलनाथ ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर राजेंद्र भारती और अवधेश नायक को मंत्री बनाएंगे। जिले में एक उद्योग स्थापित करेंगे। कमलनाथ ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि, प्रदेश की पहचान भ्रष्टाचार से होने लगी है। सभा से पहले कमलनाथ ने पीतांबरा पीठ में मां बगलामुखी के दर्शन किए।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन,कलेक्टर आशीष सिंह ने मतदाता जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित विशाल कार रैली को लाल परेड ग्राउंड से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया ।

## मध्यप्रदेश में कांग्रेस ने जो गारंटियां दी हैं, वो लागू होंगी: जयराम रमेश

**भोपाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा है कि हमने मध्यप्रदेश में जो भी गारंटियां दी हैं, उन्हें सरकार बनते ही तत्काल लागू करेंगे। उन्होंने भोपाल में प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि जब कांग्रेस कोई वायदा करती है तो उसे मोदी जी रेवड़ी कहते हैं और वो जो कहते हैं, उसे गारंटी बताते हैं। आज रेवड़ी शब्द गायब हो गया है। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों के उत्पादन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दी है, हम सरकार बनते ही गेहूं 2500 प्रति क्विंटल, धान 2600 प्रति क्विंटल खरीदेगे।



किसानों का दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ फिर से लागू होगा। पांच सौ रुपए का गैस सिलेंडर जनवरी माह से ही मिलने लगेगा। महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह की गारंटी दी है, इसे सबसे पहले लागू किया जाएगा। सौ यूनिट तक का बिजली का बिल मुफ्त किया जाएगा। इसके बाद जो यूनिट खर्च होगी, उस पर भी रियायत दी जाएगी। छात्रों को रियायत दी जाएगी। पच्चीस लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा सभी का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने हिमाचल और कर्नाटक में सरकार बनने के बाद अपने सारे वायदों को पूरा किया है। मध्यप्रदेश में भी ऐसा ही किया जाएगा।




# बैडशीट, सोफा कवर एवं पर्दे खरीदने हैण्डलूम दुकानों पर जुट रही भीड़

## संत हिरदाराम नगर में है प्रदेश का अग्रणी कपड़ा बाजार



**भोपाल।** हालांकि चुनाव आचार सहिंता के कारण 50 हजार से अधिक नकदी लेकर कोई भी चीज खरीदने निकलना जोखिमभरा हो गया है बावजूद इसके संत हिरदाराम नगर जहां कपड़े का प्रदेश का अग्रणी बाजार है, इस बार भी दीपावली पर खासतौर पर हैण्डलूम की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रहा है।

दीपावली हो और घर में नई बैड शीट, परदे या सोफा कवर न बदले जाएं, ऐसा हो ही नहीं सकता। चाहे गरीब हो या अमीर हर वर्ग का व्यक्ति दीपावली दीपावली पर सजावट में कोई कसर नहीं छोड़ते। इन कपड़ों से घरों को सजाने के आयटमों को मिलाकर इस बार दीपावली तक अकेले संत हिरदाराम नगर में 50 करोड़ से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है।

### हैण्डलूम दुकानों पर भीड़

संत हिरदाराम नगर में वैसे तो प्रदेश का अग्रणी कपड़े का थोक बाजार है, लेकिन चूंकि 12 नवम्बर को दीपावली है, और इस बार तो कोरोना का भी कोई डर नहीं है, सरकार सारी पाबंदिया पिछले साल ही हटा चुका था। भीड़ पर कोई प्रतिबंध भी नहीं है ऐसे में संत हिरदाराम नगर के हैण्डलूम दुकानों की रौनक देखने लायक है जहां सुबह 9 बजे से लेकर रात 11 बजे तक दुकानदारों को पानी पीने की फुर्रसत तक नहीं मिल रही है। यहां लगभग 40 हैण्डलूम की दुकाने हैं, जहां घर को सजाने के लिए तरह तरह के आयटम खासतौर पर बैड शीट, तोलिया, सोफा कवर एवं पर्दों की जबरदस्त मांग है। एक अनुमान के अनुसार केवल दीपावली तक इस तरह के आयटम की लगभग 70 करोड़ की खरीदी होने की संभावना है। भोपाल के बाहर के लगभग दो दर्जन जिलों के फुटकर व्यापारियों ने जहां 10 दिन पूर्व तक दीपावली के लिए हैण्डलूम कपड़े की खरीदी कर ली, वहीं राजधानी के कोने कोने से इस समय ग्राहकों की यहां के हैण्डलूम दुकानों पर भीड़ लगी है। कई दुकानों पर तो पैर रखने की जगह नही है। चूंकि इस बार यह त्यौहार महीने के दूसरे सप्ताह में हो रहा है और अभी अभी नौकरी पेशे वालों का वेतन मिला है, ऐसे में दीपावली पर घर को सजाने को लेकर लोगों में गजब का उत्साह व्याप्त है। बीते साल की तुलना में रेट में कोई कमी या बढ़ोतरी नहीं हुई है, वे स्थिर हैं।

**सूरत, मुम्बई व पानीपत का जलवा:** जहां तक संत हिरदाराम नगर में दीपावली पर बैड शीट, सोफा कवर एवं पर्दो का सवाल है, तो अब वह जमाना लद गया जब पर्दे सिलवाने पड़ते थे। बस स्टेण्ड से लेकर मिनी मार्केट, टी वार्ड एवं चचंल रोड तथा मुख्य मार्ग पर कई हेण्डलूम की दुकाने ऐसी हैं, जहां सिलेसिलाए पर्दे मिल रहे हैं। चाहे पर्दे हों या बैड शीट अथवा सोफा कवर इस मामले में अब पंजाब का का पानीपत सबसे अग्रणी चल रहा है जबकि पर्दे सूरत एवं मुम्बई से भी आने लगे हैं। जहां तक बैड शीट का सवाल है, तो उसमें भी पानीपत, लुधियाना व मेरठ जयपुर जैसे परम्परागत शहर को पीछे छोड़ दिया है।

### क्यों है यहां सस्ता

जहां तक संत हिरदाराम नगर में हैण्डलूम की जबरदस्त ग्राहकी का सवाल है तो उसके पीछे इसका अन्य इलाकों की तुलना में सस्ता होना है वह इसलिए क्योंकि यहां के व्यापारी सीधे पानीपत, जयपुर, मुम्बई, ईरोड, लुधियाना एवं दिल्ली से थोक में खरीदी करते हैं, अगर थोक के साथ कैश में खरीदी की गई है, जो कैश डिस्काउंट के कारण भी रेट काफी कम हो जाता है, जिसका लाभ सीधे सीधे ग्राहक को मिलने के कारण ही संत हिरदाराम नगर के बाजारों की रौनक का मुख्य कारण है।

### इनका कहना है

दीपावली को लेकर घरों में पर्दे लगाने, बैडशीट व सोफा कवर खरीदने को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। ज्यों ज्यों दीपावली का त्यौहार निकट आ रहा है, वैसे ही ग्राहकी में भी इजाफा हो रहा है।

**कन्हैयालाल लालवानी**, कन्हैया हैण्डलूम, मिनी मार्केट

चाहे बैड शीट हो या सोफा कवर पानीपत पूरे शबाब पर है जबकि जयपुर की बैण्ड शीट की भी मांग है। मुम्बई, सूरत, दिल्ली से भी पर्दे मंगवाए जाते हैं। चूंकि रेट स्थिर हैं, इस कारण ग्राहक की खरीदने की क्षमता भी बढ़ी है।

# गुरु हमें दुखों के अंधकार से निकालकर सुखों के प्रकाश में ले जाते हैं : भाई चमनजीत सिंह



**भोपाल (नप्र)।** सिख पंथ के महान रागी जत्था भाई साहब भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वाले धन धन श्री गुरु रामदास जी के गुरुपर्व को समर्पित विशेष कीर्तन दरबार 4 नवंबर शनिवार को रात्रि संस्कार स्कूल संत हिरदाराम नगर में कार्यक्रम में कहा की आज का यह समागम भोपाल की समूह संगत ने मिलकर आयोजन किया है। श्री गुरु रामदास जी महाराज जी की कृपा से यह समागम हो रहा है।

उन्होंने कीर्तन में कहा धन धन श्री गुरु रामदास जी जीने सीरया तिने सवारया, पूरी हुई करामात आप सिरजनहार तारेया। उन्होंने समूह साद संगत को संदेश देते हुए श्री गुरुनानक देव जी गुरु रामदास के बारे में कहा के हमे सदा उस परमात्मा का शुकराना अदा करना चाइए, उनकी याद में सदा जुड़ना चाइए, सदा ऐसे सतपुरुषो की संगत करनी चाइए जिनकी संगत में उस प्रभु का नाम चित्त आवे। हम प्रभु की शरण में जायेंगे तो हमारे सभी दुखों का नाश होगा, जैसे सूरज के प्रकाश के सामने अंधकार नही टिकता, वैसे ही गुरु रूपी प्रकाश के सामने हमारे सभी दुखों का नाश हो जाता है। श्री गुरु राम दास जी महाराज ऐसे सूरजों के सूरज हैं, उनकी शरण में जाकर सब दुखों का नाश हो जाता है। श्री हरमंदिर साहब में रोजाना संगत जाती है और झोलियां भरकर लाते हैं भावना वाले। गुरु के दरबार में जब भी जाओ श्रद्धा के साथ जाओ तो कभी निराश होकर नही आओगे। उन्होंने कीर्तन में कहा सांचे साहिबा क्या नही घर तेरे, घर ता तेरे सब कुछ है, जिस देवे सो पावे।

उन्होंने कहा गुरु की शरण में सब सुख हैं, गुरु भक्ति ही परमेश्वर भक्ति है। गुरुसेवा परमेश्वर सेवा है। गुरु हमे दुखों के अंधकार से निकालकर सुखों के प्रकाश में ले जाते हैं।

5 नवंबर 2023 रविवार को कीर्तन दरबार सुबह 11: 00 से दोपहर 1: 00 तक सिंधु भवन ट्रस्ट मूलचंद मनवाणी मार्ग लिंक रोड नंबर 1 कांग्रेस भवन के पास भोपाल में होगा। सेवादार गुरुचरण सिंह अरोड़ा ने बताया कि 5 नवंबर रविवार को ही गुरुद्वारा गुरु नानक टेकरी ईदगाह हिल भोपाल में रात 8: 00 से 9: 00 बजे तक रागी जत्था भाई कुलविंदर सिंह जी, और भाई चमनजीत सिंह जी लाल 9: 00 बजे से 10:30 बजे तक घनश्याम थरानी, बसंत चेलानी, द्रोपती धनवानी दीदी, हंसराज कामदार आदि ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रद्धालुओं को पहुंचाने की अपील करी है।

# गोवर्धन पूजा 13 नवम्बर को



**भोपाल (नप्र)।** प्लेटिनम प्लाजा स्थित श्रीकृष्ण गोवर्धन मंदिर में पाल समाज द्वारा गोवर्धन पूजा किया जाएगा। 13 नवम्बर को 11 से दोपहर 1 पूजन पाठ के बाद प्रसाद का वितरण होगा। मंदिर समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. राजेंद्र पाल अध्यक्ष अहिल्या बाई कल्याण बोर्ड, जगदीश यादव, पार्षद श्रीमती जागृति पाल सरपंच, डॉ. प्रकाश पाल, एसडीओ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

मंदिर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह बघेल, शंकर सिंह पाल, जयराम सिंह बघेल, लखन महाते, रामस्वरूप पाल, रामसिया बघेल, दिनेश पाल, धर्मेन्द्र पाल, राजेन्द्र पाल कुमिया, सुखनंदन, गुलाब, लखन, विनोद तथा भानुप्रताप सिंह पाल सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहर वासियों से अपील की है कि गोवर्धन पूजा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

# करोंद चौराहे पर व्यापारियों के ठेले वालों से विवाद के बाद फिर हटा अतिक्रमण

## फुटपाथ पर कब्ज़ा वाले व्यापारियों पर कार्यवाही क्यों नहीं



**भोपाल (नप्र)।** करोंद में व्यापारी से ठेले वालो के विवाद के बाद शनिवार को एक बार फिर नगर निगम अतिक्रमण अमला, जोन के अधिकरियों और पुलिस बल की मौजूदगी में करोंद चौराहा हनुमान मंदिर के सामने की गुमठियाँ व सब्जी वालों को हटाया गया। वैसे तो इस जगह पर कार्यवाही साल भर में एक बार जरूर होती है। जब कोई बड़ी घटना या विवाद होता है तो यह अतिक्रमण हट जाता है। परंतु नगर निगम की अनदेखी के कारण यह अतिक्रमण जस का तष हो जाता है। परंतु कार्यवाही के दौरान कई सवाल भी उठे कि की कार्यवाही केवल यही गुमठी और सब्जी वालो पर जबकि कई व्यपारियों द्वारा आमजन के चलने वाले फुटपाथ पर कब्ज़ा कर लिया गया उन पर कार्यवाही क्यों नही। आम लोगो को फुटपाथ पर कब्जे के कारण सड़क पर चलना पड़ता है। जहां कई बार तेज़ रफ़्तार वाहन उन्हें टक्कर मार घायल कर देते है। ऐसे कई हादसों में लोगो की जाने भी चली गयी है। ऐसे व्यापरियों पर कार्यवाही जरूरी है। कार्यवाही में थाना निशातपुरा प्रभारी रूपेश दुबे, एस आई एम डी अहिरवार, जेड ओ मृणाल खरे, अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान, ए एच ओ, नितिन सहित पुलिस बल व निगम अमला मौजूद रहा।

# नवनिध हासोमल लखानी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

भोपाल। विद्यार्थियों को विज्ञान के नए आविष्कारों, विभिन्न प्रकार की खोजों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ हीरो ज्ञानचंदानी, ए.सी.साधवानी, घनश्याम मूलचंदानी, गोपाल गिरधानी, भगवान बाबानी, अमृता मोटवानी, रेखा केवलानी ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित छात्राओं द्वारा संस्कृत श्लोक के सुरमय गान से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न वैज्ञानिकों की वेशभूषा में सजी-धजी नन्हीं मुन्नी छात्राएं सभी आगंतुकों का मन मोह रही थी।

प्रदर्शनी के चारों छोर अपने आप में आकर्षण का केंद्र थे। प्रथम छोर पर पर्यावरण की सुरक्षा, द्वितीय छोर पर औषधीय वृक्ष, तृतीय छोर पर विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के रोचक खेल और चतुर्थ छोर पर वैज्ञानिक शोधों, अनेक प्रकार के रॉकेटस एवं सेटेलाइट्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां छात्राओं के द्वारा दी जा रही थी। प्रदर्शनी में कक्षा 6वीं से 12वीं तक की लगभग 350 छात्राओ के द्वारा विभिन्न प्रकार की मॉडल्स प्रतिकृतियों को प्रस्तुत किया गया। जिसमें सामान्य-मशीन, मानव ज्ञानेंद्रिया, श्वसन-तंत्र, दंत -संरचना, अग्नि रोधी यंत्र, जैविक कोशिकाएं, पादप कोशिकाएं, मस्तिष्क की संरचना, सौरमंडल, वायु ऊर्जा, ज्वालामुखी, मानव आंख की संरचना, विद्युत प्रभाव, रक्त संचार एवं डीएनए का मॉडल आकर्षण का केंद्र थे। उद्यमिता कार्ययोजना के अंतर्गत छात्राओं ने 'लर्न टू अर्न' में अनेक प्रकार के दीपावली संबंधित सजावटी सामान, दीये एवं मिठाइयों के स्टॉल लगाए।



# राजधानी की मुख्य सड़क पर जले हुए कचरे में दिखा डॉग का शव



**भोपाल (नप्र)।** नगर निगम भोपाल में एक बड़ा क्रूरता कारनामा देखने में आया है। राजधानी की मुख्य सड़क पर खुलेआम दिन दहाड़े कचरे में जला हुआ दिखा कुत्ता। ऐसी जगह पर जहां नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को निरंतर आना जाना लगा रहता है। पास ही नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ी खड़ी होती है।

मामला है नगर निगम भोपाल के जोन 17 के वार्ड 75 स्थित न्यू जेल रोड रतन कॉलोनी ग्राउंड सड़क का। जो राजधानी भोपाल की बाहरी आसाराम चौराहे से रतना गिरी मुख्य सड़क है। जबकि नगर निगम द्वारा कचरा जलाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उसके बाद मुख्य सड़क में इस तरह का नज़ारा दिखाई देने कई सवाल खड़े करता है कि आखिर कचरे में आग किसने लगाई और सबसे बड़ी क्रूरता की उसमें कुत्तों को किसने जलाया। अंदाज़ा लगाया जा रहा है कि कुत्ता कही और मर गया होगा जिसे यहां जल रहे कचरे में फेंक दिया गया।

# एम्स भोपाल के डॉ. रजनीश जोशी ने कार्डियों-डायबिटिक सोसायटी के वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया



भोपाल। एम्स भोपाल के डीन अकेदमिक डॉ. रजनीश जोशी ने एम्स ऋषिकेश में कार्डियों-डायबिटिक सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. रजनीश जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जिसमें कार्डियोलाजी और मधुमेह कि बीमारी में हुए नवीनतम प्रगति पर जानकारी दी गई। इस सम्मेलन में देशभर से आये विशेषज्ञों ने मधुमेह

में फेफड़ों की जटिलताओं, मधुमेह में पोषण, मधुमेह में नए बायोमोलेक्यूल्स, मधुमेह में जोड़ों की समस्याएं, मधुमेह में बाल झड़ना, मधुमेह में यौन समस्याएं, वयस्क टीकाकरण, मधुमेह में संक्रमण, मधुमेह में हृदय विफलता, सर्जरी द्वारा मोटापे का इलाज आदि विषयों पर गहन चर्चा की। हृदय संबंधी बीमारियां और मधुमेह पूरी दुनिया में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा ख़तरा बन गई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार भारतीयों को विशेष रूप से इन बीमारियों से मृत्यु का खतरा अधिक है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने डॉ. रजनीश जोशी को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है: डॉ. डालिमा पारवानी

भोपाल। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्पोर्ट्स कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में योगाथोन फॉर यंगस्टर का आयोजन किया गया। यह आयोजन डिस्ट्रिक्ट ईको-एसडीजी चैलेंज, 2023 में अपेक्स एसडीजी के अंतर्गत उच्च शिक्षा संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। इस आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ,रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी, स्पोर्ट्स कमेटी के समस्त सदस्य,,ध्यापिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है। योग व्यायाम करने के अनेक फायदे है। नियमित रूप से योग करने से हम तनाव मुक्त जीवन, मन की शांति एंव एकाग्रता, शरीर की थकान को दूर करने, रोगमुक्त शरीर, वजन पर काबू इत्यादि लाभ प्राप्त कर सकते है। सूर्य नमस्कार हमारे जीवन मे नवीन ऊर्जा का संचार करता है। इस आयोजन में सभी ने डॉ. चंद्रा पालीवाल के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न योगासनों का लाभ लेकर सूर्य नमस्कार के 25 सेट्स भी किये। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजनाओं की स्वंय सेविकाओं एंव एनसीसी कैडेट्स की विशेष सहभागिता रही।

# एम्स भोपाल में 108 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया



भोपाल। आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में एम्स भोपाल के आयुष विभाग में आज पुष्य नक्षत्र के अवसर पर 1 साल से लेकर 16 साल तक की उम्र के कुल 108 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आज का दिन इसलिए भी खास रहा क्योंकि आज के ही दिन एम्स भोपाल में स्वर्ण प्राशन के कार्यक्रम को शुरू हुए एक साल पूरे हुए। एक वर्ष पहले इसी समय पुष्य नक्षत्र के अवसर पर , एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो डॉ अजय सिंह के मार्गदर्शन में इस प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ था। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय ने आयुष विभाग को बधाई दी।

इसी अवसर पर आज कार्यवाहक निदेशक डॉ अरनीत अरोरा ने आयुष विभाग में आए बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और बच्चों को उपहार भेंट किए 0। उन्होंने अपने सम्बोधन में आए सभी बच्चों और उनके माता पिता को स्वर्ण प्राशन का महत्व बताते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। आयुष विभाग के डॉ दानिश जावेद, डॉ रंजना पांडे, डॉ तारिक बरकती उपस्थित रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ, रामेश्वर बोले कार्यकर्ता ही पूंजी

## हुजूर मेरा परिवार है, इसकी सेवा में अंतिम सांस लगा दूंगा - रामेश्वर शर्मा




भोपाल। भोपाल की हुजूर विधानसभा में भाजपा का चुनाव प्रचार तेजी से जारी है। यहां प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने मंडल स्तर पर चुनाव कार्यालय बनाकर मंडल स्तरीय कार्ययोजना के केन्द्र स्थापित करना प्रारंभ कर दिये हैं। शनिवार को उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे। शनिवार को श्री शर्मा ने कोलार में बने मुख्य चुनाव कार्यालय पर कोलार के सभी वार्डों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी कार्य योजना पर चर्चा भी की। गौरतलब है कि हुजूर के कार्यकर्ता भी प्रतिदिन बूथ स्तर पर जनसंपर्क कर रामेश्वर के समर्थन में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - हुजूर विधानसभा मेरा परिवार है जिसकी सेवा के लिए बेटा रामेश्वर सदैव तैयार है। मैंने अपने कार्यकाल में विधानसभा की गली-गली घूमकर नागरिकों के मन की बात जानी है। उनकी समस्याओं को समझा है। जिसके आधार पर नागरिक सुविधा का ऐसा मॉडल तैयार किया है कि आज हुजूर का हर परिवारजन उससे खुश हैं। मैंने सड़कों-नालियों के साथ गांव और शहर को विकास की दोगुनी रफ्तार दी है। अब मेरा संकल्प है कि अपने परिवार को विकास में नंबर-1 बनाना है। इसके लिए पुनः आप सभी परिवारजनों का आशीर्वाद चाहता हूँ। मैं आपको वादा करता हूँ कि अपने परिवारजनों के लिए आखिरी सांस तक जुटा रहूँगा।

**प्रधानमंत्री ने रतलाम में जन सभा को किया संबोधित**

# मौका मिला तो जनता के कपड़े भी फाड़ देंगे कांग्रेसी : मोदी

रतलाम। देश हो या मध्यप्रदेश, कांग्रेस झूठी घोषणाओं का भोंपू ही बजाती है। मध्यप्रदेश के विकास के लिए ठोस रोड मैप क्या है, यह कांग्रेस को पता ही नहीं है और वो इतनी दूर की सोच भी नहीं सकती। कांग्रेस के नेता फिल्मी हैं, उनके डायलॉग भी फिल्मी हैं, घोषणाएं भी फिल्मी है। जब किरदार फिल्मी है तो सीन भी फिल्मी होगा। कांग्रेस के दो नेताओं के बीच कपड़े फाड़ने की कांपिटीशन चल रहा है। अभी तो यह फिल्म का ट्रेलर है, अगर एक बार मौका मिल गया न तो कांग्रेस आपके कपड़े भी फाड़ देंगी। 3 दिसंबर को भाजपा की जीत के बाद कांग्रेस की असली पिक्चर दिखेगी। अभी प्रेक्टिस चल रही है, फिर असली सिर फुटौव्वल होगी। कांग्रेसियों की आपसी लड़ाई में हमें एक बात याद रखनी है कि ये जो एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं, इन्हें जहां भी मौका मिला है, इन्होंने जनता के ही कपड़े फाड़ दिये हैं। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रतलाम में आयोजित जन सभा को संबोधित करते हुए कही। सभा को मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने भी संबोधित किया।

**इसलिए 'एमपी के मन में है मोदी' और 'मोदी के मन में एमपी'**

श्री मोदी ने कहा कि यह भाजपा ही है, जिसने एमपी को एग्रीकल्चर में इतना आगे बढ़ाया। यह भाजपा ही है जिसने एमपी को रोड और रेल नेटवर्क में आगे बढ़ाया। यह भाजपा ही है, जिसने एमपी में औद्योगिक विकास किया और इसे आधुनिक शिक्षा का हब बनाया। इसलिए एमपी के लोग भाजपा पर अटूट विश्वास करते हैं। आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, लेकिन एमपी का भाजपा पर भरोसा तब से है, जब देश में भाजपा को बहुत कम लोग जानते थे। उन्होंने कहा कि आज केंद्र में लगभग 10 सालों से भाजपा की सरकार है। वह भाजपा सरकार जिसने भारत को विश्व में पांचवें नंबर की आर्थिक शक्ति बना दिया। वह भाजपा सरकार जिसने कोरोना के इतने बड़े संकट में देश को पिछड़ने नहीं दिया। वह भाजपा सरकार जिसके कार्यकाल में देश ने



चंद्रमा पर अपना झंडा गाड़ा। आज भारत के गौरव को नई बुलंदी मिली है, नई पहचान मिली है। इसमें मध्यप्रदेश का भी बहुत बड़ा योगदान है और इसलिए 'एमपी के मन में मोदी' है और 'मोदी के मन में एमपी'।

**आपका सपना ही मोदी का संकल्प**

श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा आपके परिवार के वर्तमान और आपके बच्चों के भविष्य के लिए काम कर रही है। आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। इसलिए गरीब से गरीब परिवार को समर्थ बनाना भाजपा सरकार का मिशन है। इसीलिए भाजपा की सरकार गरीबों की हर चिंता का समाधान कर रही है, हर जरूरत को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों का बहुत बड़ा सपना होता है अपना घर। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, उसने गरीबों के घर बनाने में दिलचस्पी नहीं ली। लेकिन भाजपा की सरकार ने 10 सालों में 4 करोड़ से ज्यादा घर गरीबों को बनाकर दिए हैं। मध्यप्रदेश में 50 लाख और रतलाम में भी 90000 गरीबों को घर मिले हैं। श्री मोदी ने कहा कि लाखों रुपए के इन घरों की रजिस्ट्री बहनों के नाम पर हुई है और मध्यप्रदेश की हजारों बहनें लखपति बनी हैं। उनके नाम पर पहली बार कोई संपत्ति हुई है।

**हर बूथ पर खिले कमल:** प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि रतलाम में जितनी भीड़, लोगों का उत्साह मैं देख रहा हूं, वह भाजपा की प्रचंड विजय का उद्घोष है। मैं अभी छत्तीसगढ़ से आ रहा हूं और आप मेरे शब्द लिख लें, वहां भी भाजपा की सरकार बनने जा रही है। लेकिन भाजपा की यह विजय सिर्फ सीटों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि शत प्रतिशत बूथों पर कमल खिलना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आप सब इतनी बड़ी संख्या में आए और मुझे आपके दर्शन करने का लाभ मिला। लेकिन आप मेरा एक और काम करें, वो चुनावी नहीं है।

**कांग्रेस सिर्फ परिवारवाद का परचम लहरा सकती है**

श्री मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप राजस्थान और छत्तीसगढ़ में देखिए, पांच सालों में इन्होंने क्या हाल कर दिया है। इन राज्यों में कांग्रेस का मतलब हजारों करोड़ के घोटाले। कांग्रेस का मतलब अपराधियों का बोलबाला। कांग्रेस मतलब गरीबों से विश्वासघात। कांग्रेस मतलब राज्य में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों पर अत्याचार। कांग्रेस मतलब राज्य को बीमार बनाने की गारंटी। ये सभी काम कांग्रेस के चरित्र में शामिल हो गए हैं, उसका स्वभाव बन गए हैं और उसके खून का हिस्सा बन गए हैं।

# मोदी जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का समग्र विकासः चौहान

भोपाल।विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हर दिन ताबड़तोड़ सभाएं कर रहें हैं। शनिवार को भी मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मनावर, गंधवानी, सरदारपुर, धार समेत इंदौर की चार विधानसभाओं में देर रात तक रोड शो कर कुल 10 चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि, कमलनाथ ने सवा साल में मध्यप्रदेश को तबाह और बर्बाद कर दिया था। वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार और दलालों का अड्डा बना दिया था। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि, कांग्रेस ने प्रदेश में विकास की एक ईट भी नहीं लगाई है। मध्यप्रदेश का विकास केवल भाजपा सरकार ने ही किया है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा हैं तो वहीं दूसरी तरफ मध्यप्रदेश भी विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, और इसलिए मध्यप्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाना है।

**समूह की बहनों की तरफ आँख उठाने वालों, छोड़ूँगा नहीं**

मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान जनसभा के दौरान कहा कि, कांग्रेस का एक नेता मेरी स्व-सहायता समूह की बहनों को धमकी दे रहें है। कह रहें हैं कि, अगर तुमने गड़बड़ की तो तुम्हारे घर में चूल्हा नहीं जलने



दूंगा तुम्हारे बच्चों का खाना छीन लूंगा। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जी सुन लेना, ये मेरी बहनें हैं भांजे भांजियां हैं। तुम मेरे बारे में कुछ भी कहो सहन कर लूंगा, लेकिन अगर मेरी बहनों की तरफ कोई आंख उठी या हाथ उठा तो मैं किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा मेरे भांजे भांजियों का भोजन छीनने की धमकी देने वालो शिवराज सिंह चौहान ऐसे लोगों को छोड़ेगा नहीं ना जीने दूंगा ना मरने दूंगा।

**इन विधानभाओं में किया प्रचार**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को 10 विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों मनावर में शिवराम कन्नौजे, गंधवानी में सरदार सिंह मेड़ा, सरदारपुर में बेलसिंह भूरिया, धार में नीना विक्रम वर्मा, अंबेडकर नगर में उषा ठाकुर, राऊ में मधु वर्मा और इंदौर की चार विधानसभा सीटों पर कैलाश विजयवर्गीय, रमेश मेंदोला, राकेश गोलू शुक्ला और मालिनी गौड़ के समर्थन में रोड शो व विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान जगह-जगह माताओं-बहनों और युवा साथियों ने सीएम शिवराज का भव्य स्वागत-सत्कार किया। भारी संख्या में बहनों की उपस्थिति भैया शिवराज के प्रति विश्वास जता रही थी।

# भाजपा के पास डबल इंजन की सरकार कांग्रेस के पास इंजन ही नहीं : अमित शाह

**शिवपुरी।** प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा। उस दिन वोट देने से पहले आप 2003 की तस्वीर जरूर याद रखना जब मिस्टर बंटाढार ने पूरे प्रदेश का हाल बेहाल कर रखा था। सड़क,बिजली पानी की समस्याओं से प्रदेश के लोगों को जूझना पड़ता था। आज डबल इंजन की सरकार में विकास ही विकास हो रहा है। 2003 के बाद प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास ही विकास आपको नजर आ रहा होगा। यह क्रम नहीं रुकने चाहिए। भाजपा के पास डबल इंजन की सरकार है और कांग्रेस के पास इंजन ही नहीं है। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने शिवपुरी जिले के करैरा में भाजपा प्रत्याशी रमेश खटीक के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही।



श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस का गरीबों के कल्याण से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा ने पिछले 18 सालों में दलितों,युवा और पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के लिए काम किया। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो प्रदेश का क्या हाल था और आज कितना अंतर आया है। प्रदेश में पहले 60 हजार किलोमीटर सड़के थी आज 5 लाख 10 हजार किलोमीटर सड़कें हो गई। पहले केवल 64 हजार पर्यटक प्रदेश घूमने आते थे आज ये आंकड़ा 9 करोड़ तक पहुंच गया है। पहले केवल प्रदेश में 150 आईटीआई थी अब बढ़कर 1 हजार हो गई। सारा परिवर्तन भाजपा की 18 सालों की सरकार में हुआ है।

**कांग्रेस ने हमेशा डॉ.अंबेडकर का अपमान किया:** श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया। उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। हमने महू से लेकर दिल्ली और लंदन तक बाबा साहेब के नाम पर काम किए। भाजपा ने ही रामनाथ कोविंद जी को राष्ट्रपति बनाया। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ओबीसी से आते हैं। भाजपा ने हमेशा पिछड़ा वर्ग, एससी-एसटी वर्ग को बढ़ाने का का काम किया, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा इन वर्गों का राजनीतिक उपयोग करने की कोशिश की है। जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ही कारण हमारे राष्ट्रपिता को दूसरे देशों के प्रमुखों ने श्रद्धांजलि देकर हमारा मान बढ़ाया।

**कांग्रेस ने धारा 370 को गोद में खिलाया:** श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कश्मीर में हमेशा धारा 370 को बच्चे की तरह पालने का काम किया और कश्मीर की जनता को गुमराह करती रही। श्री शाह ने कहा कि राहुल गांधी कहते थे, अगर कश्मीर से धारा-370 हटी तो खून की नदियां बह जाएंगी, हमने दमदारी के साथ धारा 370 हटाई, लेकिन एक भी कंकर तक नहीं हिला।

# रेल मंत्री ने किया मीडिया विभाग की मीडिया दिग्दिर्शिका विजय संकल्प अभियान 2023 का विमोचन



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश दुनिया में हमेशा अभिनव और नवाचार के लिए जानी जाती है। पार्टी का मध्यप्रदेश मीडिया विभाग लगातार नवाचार के साथ काम कर रहा है, आज उसी कड़ी में मीडिया विभाग ने विधानसभा चुनाव 2023 की दृष्टी से मीडिया बंधुओ के लिए मीडिया दिग्दिर्शिका विजय संकल्प अभियान 2023 (मीडिया हैंडबुक) तैयार की है। जिसमें पार्टी प्रत्याशियों की जानकारी के साथ भाजपा संगठन की जानकारी और केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यों की जानकारी भी समाहित की गयी है। यह मीडिया हैंडबुक चुनाव में मीडिया बंधुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा और रेल मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी श्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया विभाग की मीडिया दिग्दिर्शिका विजय संकल्प अभियान 2023 का विमोचन करते हुए कही। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा, प्रेम शुक्ला, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी मंचासीन थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हमारे मीडिया विभाग की पूरी टीम प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल जी के नेतृत्व में अभिनव और नवाचार के साथ काम कर रही है।

**भाजपा का मीडिया विभाग बधाई का पात्र - अश्विनी वैष्णव**

देश के रेल मंत्री और प्रदेश चुनाव सह प्रभारी श्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा अभिनव प्रयोग के लिए जानी जाती है इसी कड़ी में मध्यप्रदेश भाजपा की मीडिया टीम ने मीडिया दिग्दिर्शिका विजय संकल्प अभियान 2023 का प्रकाशन किया है। इसके लिए मीडिया विभाग बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि बीते मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार के 15 महीने को छोड़ दिया जाएँ तो 18 वर्षों में इतने काम हुए है कि कांग्रेस के समय बीमारू कहा जाने वाला मध्यप्रदेश आज विकसित मध्यप्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि मीडिया हैंडबुक में मध्यप्रदेश तब और अब को लेकर 2003 के पहले और बाद में हुए 2023 तक के विकास कार्यों का तुलनात्मक आकड़े भी प्रकाशित किये है। बीते 18 वर्षों में भूतों न भविष्यति काम हुआ है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव की दृष्टी से मीडिया बंधुओं के लिए भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग ने मीडिया दिग्दिर्शिका विजय संकल्प अभियान 2023 (हैंड बुक) का प्रकाशन किया है। जिसमें मीडिया बंधुओं को संगठनात्मक जानकारी मिलेगी। साथ ही विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों की जानकारी और जनप्रतिनिधियों की जानकारी भी समाहित की गयी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा का समृद्धशाली इतिहास रहा है। प्रदेश के अलग - अलग अंचलों में भाजपा की विकास यात्रा को भी इस दिग्दिर्शिका में समाहित किया है।

# कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता



**सागर।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों ने जहां सुरखी की तस्वीर बदल दी है तो वहीं विकास कार्यों से कांग्रेसियों की मानसिकता भी बदली है, जो लोग कांग्रेस के कट्टर समर्थक थे। अब वह कांग्रेस का झूठ समझ चुके हैं और सुरखी विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर अब भाजपा परिवार का हिस्सा बन रहे हैं। इसी क्रम में सुरखी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समक्ष ग्राम ककरुआ में वीर सिंह कुशवाहा, धन सिंह कुशवाहा, पवन कुशवाहा, गणेश अहिरवार, कामता अहिरवार, डमरू अहिरवार, संतोष अहिरवार , रमेश अहिरवार, बाबू अहिरवार, हीरालाल अहिरवार, चेतू अहिरवार , मोहन अहिरवार, बसंत अहिरवार, महेश अहिरवार, रामकृष्ण अहिरवार, प्रदीप अहिरवार तथा राजू धनक ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता लेते हुए संकल्प लिया कि वह भी भाजपा के साथ क्षेत्र के विकास में कदम से कदम मिलाकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सभी सदस्यों का भाजपा का गमछा पहनकर स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है, जिसने बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लिए योजनाएं बनाई तथा विकास कार्य किय है। जिससे प्रभावित होकर सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली है और यह क्रम इसी तरह चलता रहेगा क्योंकि कांग्रेस सिर्फ आश्वासन और झूठे वादे करती है। भाजपा काम करके दिखाती है। इस अवसर पर क्षेत्र के भाजपा पद अधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित सैकड़ों ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# छग के सीएम बघेल ने सत्ता में रहकर सट्टे का बड़ा खेल खेलाः विष्णुदत्त शर्मा



भोपाल। भाजपा शुरू से ही कहती आयी है कि महादेव एप्प स्कैंडल को छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार का समर्थन प्राप्त था, जिसके कारण छत्तीसगढ की कांग्रेस सरकार ने आज तक सही से इसकी जांच नहीं की। ईडी की जांच में यह खुलासा हो गया है कि कांग्रेस की बघेल सरकार का साइड बिजनेस ही बेटिंग था। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के विकास को बेटिंग पर डाल दिया। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सत्ता में रहकर सट्टे का बड़ा खेल खेला। सत्ता में रहते हुए सट्टा कारोबार में रहना छत्तीसगढ में कांग्रेस की हकीकत है। कल भूपेश बघेल के खिलाफ कुछ चौकानें वाले तथ्य सामने आए है। ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि बेटिंग एप के प्रमोटर्स ने छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नियमित भुगतान किया गया है और अब तक कुल 508 करोड रूपए दिए गए है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने बसंल वन स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2 नवंबर 2023 को ईडी को खुफिया जानकारी मिली कि 7 और 17 नवंबर 2023 को होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर महादेव एप के प्रमोटरों द्वारा छत्तीसगढ में बडी मात्रा में नकदी ले जायी जा रही है। ईडी ने होटल ट्राइटन और एक अन्य स्थान पर तलाशी ली। भिलाई और सत्तारूढ कांग्रेस पार्टी के चुनावी खर्चो के लिए बडी मात्रा में नकदी पहुंचाने के लिए खास तौर पर संयुक्त अरब अमीरात से भेजे गए कैश कूरियन असीम दास को डिटेन किया गया। ईडी ने 5.39 करोड रूपए की नकद राशि असीम दास की कार और उनके आवास से बरामद की है। असीम दास ने स्वीकार किया है कि जप्त की गई धनराशि महादेव ऐप प्रमोटरों द्वारा छत्तीसगढ राज्य में आगामी चुनाव खर्चो के लिए एक राजनेता बघेल को देने की व्यवस्था की गयी थी।

# भाजपा जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों की पार्टी : राजीव शुक्ला

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों की पार्टी है। मैं मप्र आया तो सबसे पहले मुझे अखबारों में वह खबरें पढ़ने को मिलीं कि किस तरह प्रदेश का किसान यूरिया खाद के लिए परेशान हो रहा है। मप्र की शिवराज सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है। असल में इसकी वजह यह है कि भाजपा ने सहकारी समितियों को कमजोर कर खाद बेचने का काम भाजपा के कार्यकर्ताओं की दुकानों को दे दिया है जो सत्ताधारी दल के संरक्षण में कालाबाजारी कर रहे हैं। इन सब चीजों से मप्र की जनता त्रस्त हो चुकी है और इस चुनाव में 150 से अधिक सीटों से कांग्रेस की सरकार बनायेगी। राज्यसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने आज मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये यह बात कही।



श्री शुक्ला ने कहा कि यह चुनाव अब महत्वपूर्ण चुनाव हो चुका है। वर्ष 2018 में मिले जनता के बहुमत को बदलकर इन्होंने जबरदस्ती भारतीय जनता पार्टी की सरकार थोपने का काम किया था। इस बार जनता इतना बहुमत देगी कि उनकी हिम्मत नहीं पड़ेगी की तोड़फोड़ करके सरकार बना सकें। पुराने जमाने में लोग कहते थे कि सत्य की बड़ी शक्ति होती है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के समय में झूठ की शक्ति दिखाई दे रही है। यह इतनी घोषणा कर देते हैं कि जो रेवडी के साथ गट्टे मिलते हैं उनसे आगे भी निकल जाते हैं।

श्री शुक्ला ने कहा कि इन्होंने शक्तियों का दुरुपयोग करना शुरू कर दिया है, गवर्नमेंट एजेंसियों का उपयोग करके भाजपा ने धनबल के जरिए विपक्ष को दबाना और धमकाना शुरू कर दिया है। जनता ने जिस तरह से कर्नाटक में जनादेश दिया कि यह तोड़फोड़ जोड़-तोड़ से बहुत दूर हो चुके हैं, वैसा ही मध्य प्रदेश में होने वाला है। उन्होंने कहा कि आप देख रहे होंगे कि आज पूरे मध्य प्रदेश में किसान बीज और खाद के लिए आंदोलन कर रहा है और सड़कों पर है।

श्री शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार और भारतीय जनता पार्टी का डीएनए वही है, जो जनता पार्टी का है। आप अपने पुराने लोगों से पूछियेगा यह जमाखोर, मुनाफाखोरों की पार्टी है।

भाजपा को आम जनता से कोई मतलब नहीं रहता है इसलिए आज किसान परेशान है। भारतीय जनता पार्टी को किसानों से क्या समस्या है कि यह किसानों के कर्ज माफ नहीं करते हैं? यह अपने कोई वादे पूरे नहीं करते हैं, आप 2014 का इतिहास देख लीजिए, इन्होंने कहा था कि 2 करोड लोगों को रोजगार दिया जाएगा, नौकरी दी जाएगी, लेकिन क्या इन्होंने यह पूरा किया?

यह चुनाव से पहले घोषणा करते हैं, लेकिन उनको कभी पूरा नहीं करते हैं। जबकि हमारी सरकार बनी थी तो यहां के मुख्यमंत्री ने पहली कैबिनेट में किसानों का कर्ज माफ किया था।

श्री शुक्ला ने कहा कि पुरानी कहावत है कि तवे पर रोटी पलटते रहना चाहिए, अगर रोटी पलटते नहीं है तो जल जाती है। इसलिए मप्र में 18 साल की भाजपा सरकार को पलटने की जरूरत है, ताकि ये लोगों को तंग न कर सकें, महिलाओं पर अत्याचार न कर सकें और आदिवासियों के सिर पर पेशाब न कर सकें। उन्होंने कहा कि बगल के राज्य छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी की सरकार किसानों को धान पर 2600 रू. क्विंटल समर्थन मूल्य दे रहे हैं पर लेकिन यहां पर नहीं मिल रहा है।

शिवराज सिंह सरकार का 'किसान विरोधी' शासन अन्नदाता की कमर तोड़ने पर आमादा है। जो किसान पूरे प्रदेश का पेट पालता है, आज उसी के पेट पर लात मारने का काम शिवराज सिंह सरकार कर रही है।

स म्पा द की य

# रेव पार्टी और जहर का खेल

जैसे-जैसे रात गहरी होती जाती है, भीड़ जुटती जाती है। रात के अंधेरे में सजती है रेव पार्टी की महफिल। अपनी एक रात को रंगीन करने के लिए शहर भर के अमीरजादे जुटते हैं और इनकी अय्याशियों के लिए लाया जाता है वो सामान जिसकी आम आदमी कल्पना भी नहीं कर सकता। सांप, अजगर, कोबरा, बिच्छू, कोकेन, हेरोइन और विदेशी लड़कियां। नशे का पूरा कॉकटेल किया जाता है तैयार।

नोएडा में भी खेला जा रहा था ऐसा ही जहर, नशे और सेक्स का सबसे गंदा खेल। एक रात की अय्याशी के लिए किया गया था सारा गैरकानूनी इंतजाम और अब इस आयोजन से नाम जुड़ रहे हैं बिग बॉस के विनर एल्विश यादव के। जी हां मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव और उसके दोस्तों पर नोएडा में रेव पार्टी के आयोजन के आरोप लगे हैं। आखिर क्या होती हैं ये रेव पार्टीज। क्यों नोएडा में हुई इस रेव पार्टी में सांप बिच्छू लाए गए थे। लड़के-लड़किया इस रेव पार्टी में क्या करने वाले थे। ये कौन सा नशा होता है जिसके के लिए अमीर घरों के लड़के-लड़कियां पानी की तरह पैसा बहा देते हैं। एक रात के लिए लाखों-करोड़ों क्यों खर्च कर दिए जाते हैं?

एक रात के लिए युवा करते हैं लाखों खर्च: कभी मुंबई के आसपास इस तरह की रेव पार्टीज के बारे में खबरें मिलती थी। नब्बे के दशक से इस तरह की पार्टीज का चलन है जो एकदम गैरकानूनी है। रेव पार्टीज मतलब ऐसी पार्टी जहां हर गैरकानूनी चीजों का इस्तेमाल होता है। इन पार्टीज में जाने के लिए लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं और फिर इन पार्टीज वो नशा युवाओं को परोसा जाता है जिसे आमतौर में ले पाना नामुमकिन है। ऐसे आयोजनों को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जाता है और बेहद क्लोज ग्रुप में इसपर डील होती है।

फार्म हाउस सजती है नशे और सेक्स की महफिल: देश के बड़े-बड़े फार्म हाउस में छुपकर इन पार्टीज का आयोजन किया जाता है। मुंबई, दिल्ली, गुड़गांव, जयपुर और अब नोएडा भी इन पार्टीज का हब बन गया है। इन पार्टीज में सबसे ज्यादा कोकेन का इस्तेमाल किया जाता है। कोकेन का नशा करीब 7-8 घंटे तक मदहोश कर देता है। लड़के-लड़कियां नशा करते हैं और फिर वहीं सेक्स भी। रात भर इस पार्टी में क्या चल रहा होता है वो किसी को होश नहीं होता। सब बस नशे में डूबकर अपनी रात को रंगीन करते हैं।

तमाम तरह के बैन नशे की चीजें होती हैं इस्तेमाल: कोकेन के अलावा इन पार्टीज में दूसरी सबसे बड़ा नशा होता है एमडीएमए का लोग इसे मेफेड्रोन या फिर पार्टी की भाषा म्याऊ म्याऊ के नाम से बुलाते हैं। यंगस्टर इस नशे के लिए क्रेजी हैं। ये नशा दिमाग को पूरी तरह से सुन्न कर देता है। न कोई होश रहता है और न कोई खबर बस अपने ही अंदाज में पार्टी कर रहे ये लोग झूमते रहते हैं। ये सारे नशे पूरी तरह से बैन हैं।

सांप-बिच्छू और छिपकली का नशा तैयार किया जाता है: इन सबसे एक लेवल और हाई है सीधा सांप, बिच्छू और छिपकली का नशा। रेव पार्टी के लिए कोबरा और दूसरी प्रजाति के सांप भी पकड़े जाते हैं और इनका जहर इकट्ठा किया जाता है। पार्टी में ही इनके जहर को लड़के-लड़कियां अपने शरीर में इस्तेमाल करते हैं। अलग-अलग अंदाज में इसे पार्टी में परोसा जाता है। इसके अलावा इसी तरह बिच्छू और छिपकली को भी नशे के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इन्हें मारकर ड्रिंक्स में मिलाय जाता है। रेव पार्टीज का मकसद होता है नशे में चूर-चूर हो जाना। बस यंगस्टर इस सबके लिए एक रात के लाखों रुपये देने को तैयार हो जाते हैं।

नोएडा की रेव पार्टी के लिए भी लाए गए 9 जहरीले सांप: नोएडा की रेव पार्टी में भी नजारा तकरीबन ऐसा ही होना था। एक स्टिंग ऑपरेशन के बाद इस पार्टी का खुलासा हुआ। बीजेपी नेता मेनका गांधी की एनजीओ जो एनिमल्स के लिए काम करती है उससे जुड़े लोगों ने ये स्टिंग ऑपरेशन किया। इस पार्टी की खबर इस एनजीओ को लगी थी और ये भी पता चला था कि इसका आयोजन एल्विश ही करवा रहे हैं। इसके बाद एनजीओ के लोग एल्विश यादव से मिले और पार्टी में जाने की बात की। एल्विश ने इन्हें अपने एक दोस्त का नंबर दिया। इसके बाद ये जानकारी पुलिस को दी गई और फिर खुलासा हुआ इस पार्टी का। पुलिस ने एल्विश यादव समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है जबकि 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से 9 जहरीले सांप और 20 मिलीमीटर जहर बरामद हुआ है। इनमें पांच कोबरा, एक अजगर, दो दोमुंहे सांप और एक रेट स्नेक है। एल्विश पर ये भी आरोप लगे है कि वो अपने फार्म हाउस पर जहरीले सांपों के साथ फोटो शूट करवाते थे।

# किसे मिलेगा सत्ता के क्षीरसागर में नौकायन का मौका?

-अरुण पटेल

वैसे तो देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं लेकिन सबकी नजरें मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना पर लगी हुई हैं। राजनीतिक दलों के साथ ही साथ कहीं-कहीं कुछ निर्दलीय चेहरे भी चुनाव मैदान में हैं जो चुनावी समीकरणों को अपने-अपने स्तर पर गड़बड़ा सकते हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में बहुकोणीय मुकाबले में लगभग चुनावी लड़ाई कांग्रेस और भाजपा के बीच हो रही है। वहीं तेलंगाना में केसीआर की बीआरएस और कांग्रेस में जोरदार टक्कर हो रही है, इसमें भाजपा की क्या स्थिति रहती है यह देखने के बाद ही यह कहा जा सकेगा कि भाजपा के लिए दक्षिण का प्रवेश द्वार बन्द हो गया है या कुछ संभावनाएं बाकी हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की धमाकेदार जीत के बाद अब भाजपा को दक्षिण में जो भी उम्मीदें बची हैं वह तेलंगाना में ही हैं। तेलंगाना में वैसे तो कांग्रेस बीआरएस को कड़ी चुनौती दे ही रही थी लेकिन वायएसआर कांग्रेस के इस राज्य की प्रमुख वाय एस शर्मिला ने घोषणा कर दी है कि हम वोट बंटने नहीं देना चाहते इसलिए हम विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, हमने यहां कांग्रेस पार्टी को समर्थन करने का फैसला किया है। शर्मिला आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री वाय एस जगन रेड्डी की छोटी बहन हैं। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी तेलंगाना में केसीआर को रोकने के लिए कांग्रेस को समर्थन दे रही है, इससे कांग्रेस का पलड़ा काफी भारी हो गया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस काफी मजबूत पायदान पर खड़ी है तो मध्यप्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटेदार मुकाबला हो रहा है इन दोनों में से जो भी 30 सीटों में से 16 से अधिक सीटें जीत लेगा उसकी सरकार बन जायेगी, क्योंकि यहां पर 100-100 सीटों के आसपास जीतती हुई भाजपा और कांग्रेस दोनों नजर आ रही हैं। राजस्थान में हर पांच साल में सत्ता बदलने का जो पिछले कुछ दशकों का इतिहास रहा है वह यथावत रहेगा या इसे बदलने में अशोक गहलोत सफल होंगे यह 3 दिसंबर को मतगणना में ही पता चल सकेगा।

जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है यहां पर कांग्रेस काफी मजबूत स्थिति में खड़ी हुई है लेकिन देखने वाली बात यही होगी कि ईडी और आयकर विभाग की सक्रियता से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की राह में भाजपा कितने कांटे बिछाने में सफल होती है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण के



मतदान के पहले ईडी ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सट्टेबाजी करने वाले महादेव एप के प्रमोटरों से 508 करोड़ रुपये लिये हैं। ईडी के अनुसार गुरुवार को कैश डिलीवरी करने वाले असीम दास के मोबाइल और ईमेल से मिले इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों से बघेल को उक्त राशि दिए जाने के प्रारंभिक सुबूत मिले हैं और इसकी जांच की जा रही है। असीम की कार और उसके घर से ईडी ने 5 करोड़ 39 लाख रुपये बरामद किए हैं और महादेव एप के बेनामी खातों में जमा 15.59 करोड़ रुपये को ईडी फ्रीज कर चुकी है। छत्तीसगढ़ में 7 एवं 17 नवम्बर को दो चरणों में विधानसभा चुनाव होना है। ईडी के एक अधिकारी का कहना है कि चुनाव में इस्तेमाल करने के लिए कैश छत्तीसगढ़ पहुंचने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है। असीम दास की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया है कि इस कैश का इंतजाम एक राजनीतिज्ञ बघेल के लिए महादेव एप के प्रमोटरों ने किया था। दस्तावेज से पता चला है कि एप के प्रमोटरों की ओर से लम्बे समय से मुख्यमंत्री बघेल एवं वरिष्ठ नेताओं को पैसे दिये जा रहे थे। वहीं इस कार्रवाई पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल ने उसे खारिज कर दिया है। उनका दावा है कि भाजपा ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी एजेंसियों के सहारे छत्तीसगढ़ का चुनाव लड़ना चाहती है और चुनाव के ठीक पहले ईडी ने उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। उनका कहना है कि ईडी ने पहले उनके करीबी लोगों को बदनाम करने के लिए छापे डाले और अब एक अनजान व्यक्ति के बयान को आधार बनाकर 508 करोड़ रुपये लेने का मुझ पर आरोप लगा दिया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में भाजपा की निश्चित हार की आशंका को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके नेताओं की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए अपने आखिरी बचे हथियार ईडी का इस्तेमाल किया है। रमेश का कहना है कि मोदी की धमकियां उन मतदाताओं के संकल्प को मजबूत करेंगी जो जानते हैं कि यह सिर्फ चुनावी नाटक है और भाजपा की हताशा को दर्शाता है। भाजपा के नेता और छग के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी तीखा तंज कसते हुए कहा कि राजा जब चोर हो जाता है तो जुए-सट्टे वालों से भी 508 करोड़ रुपये का कमीशन खाने लगता है।

राजस्थान में कुछ माह पूर्व तक भाजपा की एकतरफा जीत नजर आ रही थी लेकिन धीरे-धीरे भाजपा के उभर कर सतह पर आते अंर्तकलह और पूर्व मुख्यमंत्री तथा राजस्थान की भाजपा की सबसे लोकप्रिय नेता वसुंधरा राजे सिंधिया को हाशिए पर लाने की कोशिशों के चलते अब उसकी स्थिति धीरे-धीरे कमजोर नजर आ रही है। वहीं मतदाताओं को सीधे लाभ पहुंचाने की हितग्राहीमूलक योजनाओं को लागू करने से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धीरे-धीरे इस अंतर को कम कर दिया है और पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं असंतुष्ट धड़े के नेता सचिन पायलट के बदले रुख से कांग्रेस अब मजबूत पायदान की ओर बढ़ती नजर आ रही है। उधर वसुंधरा राजे ने हल्के-फुल्के अंदाज में सन्यास लेने की बात कहकर भाजपा की मजबूती को धीरे से जोर का झटका दे दिया है। अब यह तो चुनाव नतीजों से ही पता चलेगा कि अशोक गहलोत कांग्रेस को चुनावी वैतरणी पार करा पाते हैं या नहीं। मध्यप्रदेश के चुनावी समर में कांग्रेस और भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं की आमद हो गयी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा मोर्चा संभाल चुके हैं तो वहीं कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी भी मोर्चा संभाल रहे हैं। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ भी आने वाले हैं तो आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी इसमें शिरकत कर चुके हैं। जबकि बसपा सुप्रीमो मायावाती 6 नवम्बर से मध्यप्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली हैं। नड्डा ने विंध्य अंचल की 22 सीटों को साधने की कोशिश की है और 160 किमी की रथयात्रा के माध्यम से उन्होंने यह किया है। विंध्य अंचल में 2018 के चुनाव में भाजपा को अच्छी सफलता मिली थी लेकिन इस बार कांग्रेस का ध्यान भी इस क्षेत्र में है और वह अपना खोया हुआ जनाधार पाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है।

**और यह भी**

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दावा किया है कि छिंदवाड़ा में इस बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ कठिनाई में हैं और हो सकता है वे चुनाव हार जायें। महिलाओं को न्याय हमारी पार्टी का कमिटमेन्ट है और इसे हम पूरा करेंगे। उन्होंने इंडिया गठबंधन को अवसरवादी गठबंधन बताया है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सनातन पर खेल कांग्रेस ने शुरु किया है और इसे हम खत्म करेंगे। चुनावी हिन्दू बहुत हो गये हैं आप हिन्दू हैं या नहीं, यह साफ बताइए, यह तो आस्था का सवाल है इसमें राजनीति कहां है, आपका अतीत राम को काल्पनिक बताने का रहा है। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच हुए कुर्ता फाड़ संवाद पर तंज करते हुए रविशंकर प्रसाद कहते हैं कि कांग्रेस में तो कुर्ता फाड़ राजनीति चल रही है और एक-दूसरे के कुर्ते फाड़े जा रहे हैं। इन दिनों चुनावी समर में एक-दूसरे पर सियासी हमले तेज हो गये हैं। जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कह रहे हैं कांग्रेस घोटालों की सरकार है और कमलनाथ धन कलेक्ट करने वाले कलेक्टर हैं जो अपने प्रदेश से धन जमा कर दिल्ली दरबार में अर्पित करते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि जनता की योजनाओं को बन्द कर कमलनाथ ने पाप किया था और उसके बोझ से ही उनकी सरकार गिर गयी थी।

कमलनाथ ने पलटवार करते हुए कहा कि 18 साल का हिसाब तो दे नहीं पा रहे और 15 माह की सरकार का आडिट चाहते हैं। राजा-महाराजा और मामा राजनीतिक फब्तियां कसने का और एक दूसरे पर आरोप लगाने का सबब बन गये हैं। कमलनाथ का कहना है कि मैं राजा या महाराजा नहीं हूं और न ही शिवराज की तरह मामा ही हूं बल्कि मैं तो आपका भाई हूं। यह आपको तय करना है कि राज्य में कमीशन की सरकार चाहिए या ईमानदारी की।

# खादी की मखमल से ऐसी साँठगाँठ कि जनता टाट की पैबंद बनकर रह गई!

जयराम शुक्ल

सत्तर के दशक में हम लोग एक कविता की दो पंक्तियों को दीवारों पर नारे की तरह लिखा करते थे ..खादी ने मखमल से ऐसी सांठ-गांठ कर डाली है, टाटा, बिड़ला, डामिलया की बरहों मास दिवाली है। उन दिनों किसी भी नेता के खिलाफ सबसे बड़ा लांछन यही माना जाता था कि वह पूंजीपरस्त है और उद्योगपतियों से उसकी सांठगांठ है। आज स्थिति बिलकुल उलट है। अब यह रिश्ता जनप्रतिनिधियों की काबिलियत,योग्यता और क्षमता का परिचायक है।

ऐसा नहीं कि उद्योगपतियों के नेताओं व राजनीति से सम्बन्ध नहीं रहें हों, ऐसे संबंध रहे हैं कि आज भी उनकी दुहाई दी जाती है। मुगल सल्तनत के खिलाफ लड़ते हुए राणा प्रताप ने जब आर्थिक मदद का आह्वान किया तो भामाशाह ने अपनी समूची मिल्कियत उनके कदमों पर रख दी। सुभाषचन्द्र बोस ने जब आजाद हिन्द फौज का गठन किया तो उन्हें आर्थिक मदद देने में तत्कालीन पूंजीपति पीछे नहीं रहे। महात्मा गांधी ताउम्र बिड़ला घराने के अतिथि रहे। डॉक्टर राममनोहर लोहिया हैदराबाद के सेठ ब्रदीविशाल पित्ती और कानपुर के सेठ रामरतन के मेहमान रहे और ये समाजवादी आंदोलन की आर्थिक जरूरतों को पूरी करते रहे। सम्पूर्ण क्रांति का बिगुल फूंकने वाले लोकनायक जयप्रकाश नारायण और उनके सहयोगी नानाजी देशमुख के पीछे की आर्थिक पृष्ठिभूमि में गोयनका घराना व टाटा का ट्रस्ट रहा है। कमल मोरारका चन्द्रशेखरजी के करीबी रहे हैं। इन नेताओं ने कभी अपने संबंध छुपाए नहीं, अपितु उद्योगपतियों को समाजसेवा व राष्ट्रप्रेम के साथ जोड़ा।

दरअसल खादी और मखमल के बीच घालमेल का खेल नब्बे के दशक से आर्थिक उदारीकरण के साथ शुरू हुआ। पूंजी बाजार के खेल में जहां नेताओं की उद्योग धंधों के प्रति रुचि पैदा हुयी, वहीं उद्योगपतियों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं जागी। क्षेत्रीय दल उभरे और कारपोरेट घरानों में बदलते गए। इस नई बयार में विजय माल्या जैसे लिकरकिंग धन बल के दम पर राज्यसभा में चले गए, तो भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने कोटे से उद्योगपतियों को राज्यसभा में भेजने का काम शुरू किया। काशीराम और मायावती ने तो राजनीति को बाकायदा कारोबार में बदल दिया। बसपा एक राजनीतिक संगठन के रूप में आज किसी कारपोरेट हाउस से कम नहीं, जिसकी सुप्रीमो मायावती वैसे ही सीईओ हैं, जैसे कि शिवसेना में बाल ठाकरे के बाद अब उनके पुत्र उद्धव ठाकरे। मुलायम सिंह और करुणानिधि क्यों पीछे रहते। करुणानिधि घराने ने उद्योगपतियों से सांठ-गांठ तो किया ही खुद का विशाल कारोबार खड़ा कर लिया। इस सदी के सत्ता के सबसे बड़े दलाल अमर सिंह ने राजनीतिक दलों को यह सिखाया कि औद्योगिक घरानों का कैसे राजनीतिक इस्तेमाल किया जा सकता है और राजनीति अपने आप में कैसे एक स्वतंत्र उद्योग हो सकती है। कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो पवार व उनके परिवार का भी ऐसा ही सुव्यवस्थित कारोबार है। भाजपा को कारपोरेट संस्कृति से जोड़ने का श्रेय स्वर्गीय प्रमोद महाजन को जाता है जिन्होंने उद्योगपतियों व भाजपा के बीच सेतु का काम किया। राबर्ट बाड्रा और डीएलएफ के गठजोड़ के खुलासे ने कांग्रेस के चरित्र के ढंके परदे को खोला है।

एसोसियेटेड जर्नल्स को कांग्रेस द्वारा दिए गए लोन ने देश के सबसे बड़े राजनीतिक घराने के कारोबारी चरित्र को रेखांकित किया है। दरअसल किसी भी दल में अब आन्तरिक लोकतंत्र बचा नहीं है इसलिए धीरे-धीरे सभी राजनीतिक दलों का कायान्तरण औद्योगिक घरानों की तर्ज पर हो गया है। पार्टी की प्रदेश व जिले की शाखाएं आउटलेटस और शोरूम में तब्दील हो गईं।

राजनीतिक दलों के इस चलन ने भ्रष्टाचार व कालाबाजारी के जरिए कुबेर बने अपराधियों व असमाजिक तत्वों को तहेदिल से प्रोत्साहित किया है। कर्नाटक में भाजपा सरकार के मंत्री रहे रेड्डी बन्धु और हरियाणा के गृह राज्यमंत्री रहे गोपाल काण्डा कोई विरले चरित्र नहीं हैं, विधायक, सांसद बनने के लिए अब किसी वैचारिक पृष्ठभूमि व राजनीतिक संस्कार की जरूरत नहीं रह गई। हर प्रदेश में हर राजनीतिक दल में रेड्डियों व काण्डाओं की भरी पूरी जमात है।

इसी नई व्यवस्था का परिणाम है कि आज नेताओं व उद्योगपतियों के पास 10 लाख करोड़ रुपयों की घोषित संपत्ति है। यानि के भारत के कुल संपत्ति का 95 प्रतिशत जो 5 प्रतिशत ऐसे लोगों के पास है। टाइम मैग्जीन के मुताबिक सत्ता के दुरुपयोग के मामले में शीर्ष दस मामलों में भारत दूसरे नम्बर पर है। दुनिया में अमीरों की संख्या के मामले में भी भारत अमेरिका के बाद दूसरे नम्बर पर है। वहीं दूसरी ओर अर्थशास्त्री अरुण सेन गुप्ता की अध्यक्षता वाले आयोग का अध्ययन बताता है कि 77 प्रतिशत भारतवासी 20 रुपये प्रतिदिन में गुजारा करते हैं।

शायद स्वतंत्र भारत के भविष्य का आंकलन करते हुए ही 10 फरवरी 1936 के यंग इंडिया के अंक में महात्मा गांधी ने स्वराज के संदर्भ में लिखा था..सच्चा स्वराज मुट्ठीभर लोगों द्वारा सत्ता प्राप्ति से नहीं आएगा, बल्कि सत्ता का दुरुपयोग किए जाने की सूरत में उसका प्रतिरोध करने की जनता की सामर्थ्य विकसित होने से आएगा।

# सिल्वर स्क्रीन: फ्लॉप के बीच हिट फिल्मों का लंबा इतिहास

हेमंत पाल

फिल्म इंडस्ट्री का पूरा दारोमदार हिट और फ्लॉप पर टिका है। समझा जाता है कि जो फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करती है, उसे हिट समझा जाता और जिसकी कमाई सिमटती है, वो फ्लॉप की गिनती में दर्ज होती है। सौ सालों से ज्यादा पुराने फिल्म इतिहास में सैकड़ों फ़िल्में हिट हुई, पर फ्लॉप की संख्या उससे कई गुना ज्यादा है। एक दौर था, जब फिल्मों के हिट होने में उसका कथानक और उसके अदाकारी मायने रखती थी। लेकिन, अब ऐसा नहीं है। कई फ़िल्में सिर्फ इसलिए नहीं चलती कि उसके कलाकारों की दर्शकों के दिमाग में इमेज अच्छी नहीं होती। पिछले कुछ सालों में अक्षय कुमार और कंगना रनौत की फ़िल्में लगातार फ्लॉप हुई। यहां तक कि हिट फिल्मों का कलाकार कहे जाने वाले आमिर खान और सलमान खान भी नहीं चले। दरअसल, इन कलाकारों की कुछ फ़िल्में ठीक थी, पर दर्शकों ने उन्हें नकार दिया। जबकि, शाहरुख़ खान की लगातार दो फिल्म 'पठान' और 'जवान' ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। दर्शकों की पसंद-नापसंद किसी भी फिल्म की सफलता का आधार होती है और हिट फिल्म का सबसे बड़ा फार्मूला भी यही है। लेकिन, सिर्फ बॉक्स ऑफिस की कमाई ही हिट का मापदंड नहीं होता! कई बार कम कमाई करने वाली फिल्मों को भी उनके अनोखे कथानक के कारण सफल माना जाता है।

फिल्म इतिहास की पहली सुपरहिट फिल्म अशोक कुमार की 'किस्मत' को माना जाता है। 1943 में आई इस फिल्म में उन्होंने अपने किरदार से इतिहास रच दिया था। उस दौर में हीरो निगेटिव रोल से परहेज करते थे, इसके बावजूद अशोक कुमार ने ये किरदार निभाकर सबको हैरान किया था। उस दौर में हीरो की छवि साफ सुथरी होती थी, तब उन्होंने निगेटिव हीरो का किरदार निभाकर हीरो की इमेज को बदला था। ये फिल्म न सिर्फ उनके करियर बल्कि फिल्म इंडस्ट्री के लिए भी मील का पत्थर साबित हुई थी। फिल्म ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया था जो 32 साल तक कोई तोड़ नहीं पाया! ये रिकॉर्ड 1975 में आई 'शोले' ने तोड़ा था। अशोक कुमार की 'किस्मत' ने ऐसा कमाल किया था कि 3 साल तक यह सिनेमाघरों से हटी नहीं! कोलकाता के एक सिनेमाघर में तो ये 187 हफ्ते तक लगी रही। सुपरहिट फिल्मों की गिनती में इसके बाद कई फिल्मों के नाम जुड़ते गए। 1949 में आई अशोक कुमार की ही फिल्म 'महल' ने भी कामयाबी के झंडे गाड़े थे। उनके साथ इस फिल्म में मधुबाला ने भी अभिनय किया था। इसे पहली हॉरर फिल्म भी कहा जाता है।



दिलीप कुमार को हिट फिल्मों का बेताज बादशाह माना जाता था। 1949 की फिल्म 'अंदाज' में दिलीप कुमार के साथ नरगिस ने काम किया था। ये एक ऐसी बिगड़ैल अमीर लड़की कहानी है, जिसकी दोस्ती सीधे-साधे लड़के दिलीप कुमार से हो जाती है। वे इसे प्यार समझते हैं। लेकिन, उन्हें तब धक्का लगता है, जब उनकी शादी राजकपूर से हो जाती है। 'दाग' (1952) में दिलीप कुमार ने शंकर नाम के युवक का रोल किया है जो विधवा मां के साथ खिलौने बेचकर जीवन यापन करता है। बाद में उसे शराब की लत पड़ जाती है। इस फिल्म के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवार्ड जीता। 1955 में आई फिल्म 'आजाद' में दिलीप कुमार और मीना कुमारी ने अभिनय किया था। इस फिल्म की कहानी आजाद नाम के डाकू और शोभा की है। शोभा आजाद से शादी करना चाहती है, पर उसे बाद में पता चलता है कि आजाद डाकू हैं। इसी साल (1955) में आई 'देवदास' के किरदार में दिलीप कुमार ने अभिनय में जान डाल दी थी। यह किरदार अपनी प्रेमिका पारो की याद में तड़पते हुए शराबी बन जाता है और फिर चन्द्रमुखी के कोठे तक पहुंच जाता है। 1957 की 'नया दौर' में उनके साथ वैजयंती माला ने काम किया था। इसमें दिलीप कुमार तांगे वाला बने हैं, जो अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष करते हैं।

1958 की सुपरहिट फिल्म 'मधुमती' में दिलीप कुमार के साथ वैजयंती माला लीड रोल में थी। पुनर्जन्म पर आधारित है इस फिल्म में वैजयंती माला की आत्मा भटकती है और वो अपनी मौत की वजह बताने के लिए पुकारती है। 1960 में आई 'मुग़ल-ए-आजम' अकबर और सलीम के ड्रामे पर बनी थी। इस फिल्म को के आसिफ ने डायरेक्ट किया था, जिसे बनाने में ही दस साल लगे थे। दिलीप कुमार ने सलीम और मधुबाला ने अनारकली की भूमिका निभाई थी। 'गंगा जमुना' (1961) में उनके साथ वैजयंती माला ने काम किया था। फिल्म में विधवा मां के दो बेटे गंगा और जमुना होते हैं। गंगा जमीदार के यहां काम करता है, जमुना शहर जाकर पढ़ाई करता है और बाद में पुलिस अफसर बन जाता है। 1967 में आई 'राम और श्याम' में दिलीप कुमार डबल रोल में थे। ये दो भाइयों की कहानी है, जो जन्म लेते ही अलग हो जाते हैं। एक सीधा युवक होता है, वहीं श्याम की भूमिका में दिलीप कुमार तेज-तर्रार दिखाए गए थे। दिलीप कुमार की सुपरहिट फिल्मों का दौर 1991 में आई 'सौदागर' तक चला। ये फिल्म दो दोस्त राजू और वीरू (दिलीप कुमार और राजकुमार) की दोस्ती और दुश्मनी पर आधारित थी।

सुपरहिट फिल्मों में भारत भूषण और मीना कुमारी अभिनीत 'बैजू बावरा' भी है, जो अपने समय काल में बहुत पसंद की गई। इस फिल्म का गाने ओ दुनिया के रखवाले, तू गंगा की मौज मैं बहुत ज्यादा पसंद किए गए थे। आज भी पुराने हिट सांग में इनकी लोकप्रियता बरक़रार है। हिट फिल्मों वाले अभिनेताओं में देव आनंद की अपनी अलग ही पहचान थी। उनकी फिल्म 'सीआईडी' ने देव आनंद को सितारा बना दिया था। इस फिल्म के गीत कभी आर कभी पार, ये है बॉम्बे मेरी जान, आंखों ही आंखों में इशारा, लेके पहला पहला प्यार बेहद पसंद किए गए थे। उनकी फिल्म 'ज्वेल थीफ' रोमांचक कहानी, हैंडसम हीरो, चालाक विलेन और खूबसूरत हीरोइन की सनसनीखेज कहानी थी। इसने सिनेमाघरों में रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इस फिल्म ने देव आनन्द की लोकप्रियता दुगनी कर दी थी। फिल्म में पहनी उनकी चेक की टोपी कोपेनहेगन से लाई गई थी। देव आनंद और वहीदा रहमान की 'गाइड' अपनी अनोखी कहानी और गानों के कारण हिट हुई थी।

हिंदी फिल्म अभिनेताओं में राज कपूर का अपना अलग ही जलवा था। 'आवारा' राज कपूर को सुपरहिट बनाने वाली फिल्म थी। इसने देश के साथ विदेशों में भी धूम मचाई थी। इसके गाने भी काफी पसंद किए गए थे। इसी तरह 'श्री 420' में राज कपूर के साथ नर्गिस ने काम किया था जिसका गाना 'प्यार हुआ इकरार हुआ' काफी हिट हुआ था। इसी गाने के जरिए छोटे से ऋषि कपूर पहली बार स्क्रीन पर दिखाई दिए थे। प्रेम त्रिकोण पर आधारित फिल्म 'संगम' विदेशी धरती पर फिल्माई जाने वाली पहली भारतीय फिल्म थी। ये उस वक्त की सबसे लंबी फिल्म भी थी। इसकी लंबाई करीब चार घंटे थी। फिल्मों में एंग्री यंग मैन कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन को हिट फिल्मों की मशीन कहा जाता रहा है। 'जंजीर' से शुरू हुआ अमिताभ का हिट फिल्मों का दौर काफी लम्बा चला जिसमें दीवार, नटवरलाल, अमर अकबर एंथोनी, शोले, कभी-कभी से लगाकर आजतक ये जारी है। जब भी फिल्मों में हिट फिल्मों का जिक्र होगा अमिताभ की फिल्मों की लंबी लिस्ट दर्ज होगी।



'मदर इंडिया' भी हिट और लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। ये वो फिल्म है, जिसकी कभी कॉपी नहीं की जा सकती। सशक्त मां के किरदार में नरगिस ने इस रोल को अमर किया है। गुरुदत्त की फिल्म 'प्यासा' ऐसी ट्रैजिक प्रेम कहानी थी, जो यथार्थवादी सिनेमा के लिए मील का पत्थर बन गई। इस फिल्म वर्ल्ड क्लास सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों में गिना जाता है। मनोज कुमार की 1967 में आई 'उपकार' भी सुपरहिट फिल्मों में शामिल है। इस फिल्म ने 6 फिल्मफेयर और तीन नेशनल अवार्ड जीते थे। हिट फिल्मों वाले कलाकारों में राजेश खन्ना भी शुमार हैं। उन्हें 'कटी पतंग' ने सुपर स्टार बनाया था। इस फिल्म में विधवा का रोल निभाने के लिए कई टॉप एक्ट्रेस ने इनकार कर दिया था, तब आशा पारेख ने इसे स्वीकार किया था। उन्हें उस साल फिल्मफेयर का बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला था। 1969 में आई हिट फिल्म 'आराधना' ने राजेश खन्ना को बुलंदियों पर पहुंचा दिया था। ये पहली हिंदी फिल्म थी, जिसने 100 दिन लगातार थिएटरों में चलने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके बाद तो दाग, अजनबी और 'आनंद' जैसी कई हिट फ़िल्में आई। 'आनंद' को राजेश खन्ना की सबसे संजीदगी वाली यादगार फिल्मों में गिना जाता है।

ऋषि कपूर को तो उनकी फिल्म 'बॉबी' ने स्टार बना दिया था। इसके बाद ऋषि कपूर ने समाज की कुरीतियों पर प्रहार करने वाली 'प्रेम रोग' जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया। कभी-कभी, रफूचक्कर और 'दूसरा आदमी' भी उनकी हिट फिल्मों में रही। आज के दौर में सलमान खान को हिट कलाकार माना जाता है, जिनके नाम से फ़िल्में चलती है। 'मैने प्यार किया' से शुरू हुआ उनका दौर मारधाड़ की फिल्मों तक पहुंच गया। लेकिन, 'हम आपके हैं कौन' सलमान और माधुरी दीक्षित की सौ करोड़ कमाने वाली देश की पहली फिल्म थी। इसके अलावा भी सलमान की कई फ़िल्में फिट हुई और 'टाइगर' सीरीज की उनकी लगातार दो फ़िल्में पसंद की गई। जबकि, शाहरुख़ खान को फिल्मों में रोमांस का बादशाह कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे' सिनेमा को नया सुपरस्टार और रोमांटिक हीरो देने वाली फिल्म थी। ये फिल्म देश के साथ साथ विदेशों में भी काफी पसंद की गई। शाहरुख़ की हिट फिल्मों की लिस्ट लंबी जरूर है, पर उनकी दो फ़िल्में 'पठान' और 'जवान' ने उनकी इमेज को बदलकर रख दिया।

कॉमेडी फिल्मों के इतिहास में 'गोलमाल' सबसे ऊपर है। अमोल पालेकर और उत्पल दत्त की कॉमेडी के चलते ये फिल्म कालजयी बन गई। 70 के दशक में जब एंग्री यंग मैन की तूती बोल रही थी, ये कॉमन मैन सबके दिलों में घर कर चुका था। 'जाने भी दो यारो' को पहली डार्क कॉमेडी का तमगा दिया जाता है। देश की सबसे बड़ी सुपरहिट फिल्मों का जब भी नाम आएगा, बात 'शोले' पर जाकर ही ख़त्म होगी। इस फिल्म के हर एक कलाकार को फिल्म ने कालजयी बना दिया। अमिताभ और धर्मेंद्र की जोड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। गब्बर सिंह के किरदार में अमजद खान अमर हो गए। अनिल कपूर की सुपरहिट फिल्मों में से एक 'तेजाब' ने तो कमाल किया था। अनिल कपूर की ही 'मिस्टर इंडिया' हिट फिल्मों में एक है। श्रीदेवी की फिल्म 'नगीना' फिक्शन फिल्म थी। लेकिन, इसे बहुत पसंद किया गया। आमिर खान की 'लगान' भी कमाल करने वाली फिल्मों में है। 'लगान' को ऑस्कर के लिए भी नामित किया गया था। आमिर की ही 'थ्री इडियट' ने न सिर्फ सफलता के नए कीर्तिमान रचे बल्कि भारतीय पेरेंट्स को एक नई दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। ये पहली बॉलीवुड फिल्म थी, जिसने 200 करोड़ का कारोबार किया था। 'बाहुबली' नए दौर की सुपरहिट फिल्म कही जा सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## आओ बनायें मतदान केन्द्र स्वच्छ एवं सुन्दर, जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्हीसी के माध्यम से की समीक्षा



छतरपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने विधानसभा चुनाव अंतर्गत 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में स्वीप गतिविधियां, महिला पोलिंग बूथ, मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाएं, आदर्श पोलिंग बूथ, एएमफ सहित केन्द्रों पर स्वच्छता एक्टिविटी करने के संबंध में व्हीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती तपस्या परिहार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया उपस्थित रहीं। व्हीसी के माध्यम से जिले के जनपद सीईओ, सीएमओ, एसई एमबीईबी, ईई पीएचई व आरईएस सहित अन्य अधिकारी जुड़े रहे। कलेक्टर श्री जी.आर. ने समस्त अधिकारियो का निर्देशित किया कि आओ बनाये मतदान केन्द्र स्वच्छ एवं सुन्दर थीम पर मतदान केन्द्रों को सुन्दर बनाने के लिए 4 नवम्बर को ग्रामीण स्तर के अधिकारी-कर्मचारी श्रमदान करेंगे। साथ ही निर्वाचन हेतु केन्द्रों को साफ स्वच्छ और सुन्दर बनाएंगे। कलेक्टर ने प्लास्टिक मुक्त मतदान केन्द्र बनाने की गतिविधियों के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएं, नहीं तो संबंधित कड़ी कार्यवाही की जाएगी। शतप्रतिशत् मतदान सुनिश्चित कराने के लिए व्यापारियों, दुकानदारों, होटल संचालकों आदि के साथ चर्चा करें और इन्हे विभिन्न नवाचार गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के लिए कहें। साथ ही जिले के ऐसे मतदाता जो बाहर कार्य करते हैं।

## कलेक्टर ने कार्यालयों में पेयजल एवं अन्य कार्यों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के दिए निर्देश

छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुख को कार्यालयों में पेयजल एवं अन्य कार्यों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किये जाने के संबंध में निर्देश जारी किये हैं। निर्देशानुसार स्वास्थ्य के एवं पर्यावरण प्रदूषण के दृष्टिगत पेयजल हेतु आरओ कैंपर एवं आयोजित बैठकों में सिंगल यूज प्लास्टिक वाली बॉटलों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। कार्यालयों में आरओ एवं वाटर कूलर स्थापित कर पेयजल का उपयोग किया जाए। कार्यालयों में फोल्डर इत्यादि में अनावश्यक प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाए।

## 17 शस्त्रधारियों के शस्त्र लायसेंस निरस्त किये जाने के नोटिस जारी

छतरपुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शस्त्र लायसेंस धारियों द्वारा शस्त्र जमा नहीं करने पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा 17 शस्त्र लायसेंस धारियों को लायसेंस निरस्त किये जाने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। चुनवाद पाल निवासी बरूआ थाना गौरिहार, भगवत दयाल यादव, कृपाराम यादव दोनों निवासी झिकमऊ थाना महाराजपुर और थाना बमीठा अंतर्गत डॉ राजेश शर्मा निवासी बमीठा, राकेश उर्फ बब्बू निवासी चुरारन, बृजेश दुबे निवासी सीलौन, बद्री प्रसाद अग्रवाल निवासी गंज, रनबहादुर निवासी ललपुर हाल गंज, माया प्रसाद निवासी गंज, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी गंज, सरजू यादव निवासी बसारी, खन्जू लाल कुशवाहा निवासी बसारी, गोविन्द सिंह निवासी टुरया, निवासी भियाताल, प्राण सिंह आदिवासी निवासी सूरजपुरा को शस्त्र जमा नहीं करने पर शस्त्र लायसेंस निरस्त किये जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## महिला की संदिग्ध मौत का मामला, तीन आरोपी गिरफ्तार, दहेज हत्या का मामला दर्ज

सीहोर। जिला मुख्यालय के दूरस्थ ग्राम रामदासी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में इछावर थाना पुलिस ने मृतिका के पति, देवर और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मृतिका के मायके पक्ष ने आरोप लगाया था कि ससुराल पक्ष के लोगों ने यह दहेज हत्या की है। जिसको आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। मामले में मायके पक्ष की ओर से आए जिला पंचायत शाजापुर के सभापति जगदीश फौजी ने कहा था की कि ग्राम की बेटी आरती का विवाह 4 साल पहले रामदासी गांव में रहने वाले महेंद्र मालवीय के साथ हुआ था मृतिका के माता-पिता काफी गरीब परिवार से हैं। उन्होंने उन्हें बताया है कि आरती के ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताडित कर रहे थे। परसो आरती ने अपने माता-पिता को फोन कर बताया था कि उसके ससुराल वाले उसे दहेज की मांग को लेकर परेशान कर रहे हैं उसे मार भी सकते हैं और कुछ देर बाद ही उन लोगों को सूचना मिली कि आरती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है लेकिन आरती के मां के पक्ष ने उसके ससुराल वालों की आत्महत्या की बात को झूठा करार देते हुए पुलिस से कहा था कि यह आत्महत्या नहीं है आरती के शरीर पर बांधने और चोट के भी निशान है यह दहेज के लिए की गई हत्या है।

## मां के साथ धोखा करने वाला सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी: प्रदीप जैन आदित्य

### मप्र की भाजपा सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज में भ्रष्टाचार कर बुंदेली धरती मां को धोखा देने का काम किया



सागर। मां के साथ धोखा करने वाला सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी होता है चाहे वह गौ माता की बात हो चाहे नर्मदा माता की बात हो या हमारी बुंदेली धरती माता को धोखा देने की बात हो। बुंदेलखंड की धरती भी हम बुंदेलों के लिए मां के समान है। इस मां की सेवा के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज के रूप में मध्यप्रदेश के लिए आवंटित 3600 करोड रुपए आवंटित किए थे। इस राशि से पूरे बुंदेलखंड में रोजगार और विकास का नया सृजन होना था। लेकिन मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने इसमें भ्रष्टाचार कर बुंदेली धरती मां को धोखा देने का काम किया है।

यह बात भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन आदित्य ने आज सागर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक द्वारा यहां आयोजित पत्रकार में शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी पूर्व निगम अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ कटारे पूर्व विधायक सुनील जैन शहर कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी तथा अवधेश तोमर भी उपस्थित थे।0 पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सागर जिला भय और आतंक का पर्याय बन गया है सागर में एक तरफ भ्रष्टाचार तो दूसरी तरफ भय और आतंक का इतना जबरदस्त प्रकोप है कि यहां तिरंगा झंडा लगाने वाले को भी जेल भेज दिया जाता है उसके घर दुकान तक को तोड़ दिया जाता है। यह राजनीतिक गुंडागर्दी की चरम अवस्था है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शिवराज सिंह और भाजपा 18 सालों से सत्ता में है लेकिन उन्होंने कभी भी बुंदेलखंड की सुध नहीं ली। बुंदेलखंड में आज ऐसा कोई दिन नहीं जाता कि गौ माता सड़क पर कुचलकर नहीं मर रही हो। मुख्यमंत्री एक तरफ तो नर्मदा को अपनी मां कहकर इसमें गंदे नालों को मिलने से रोकने की बात करते हैं वही नर्मदा मैया की छाती को अवैध खनन कर जेसीबी से छलनी किया जा रहा है।

श्री प्रदीप जैन आदित्य ने आगे कहा कि जो व्यक्ति मां को धोखा दे सकता है, आयुष्मान कार्ड के नाम पर मरे हुए लोगों का पैसा खा सकता है, मां की कोख से जन्म लेने वाले बच्चों की गर्भवती मां के पोषण आहार में स्कूटरों के नंबर पर टनों अनाज की ढुलाई कर घोटाला कर सकता है, मरे हुए लोगों के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान दिखा सकता है, महाकाल लोक के निर्माण में भ्रष्टाचार कर भगवान को भी धोखा दे सकता हो ऐसा व्यक्ति दया और माफी के लायक नहीं हो सकता है।

## उप्र के मुख्यमंत्री एवं गुजरात के मुख्यमंत्री प्रत्याशियों के समर्थन में करेंगे जनसभा



शाजापुर। भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल 7 एवं 8 नवम्बर को जिले की शुजालपुर एवं शाजापुर विधानसभा में आकर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड़ शो एवं चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया की अपने तय कार्यक्रम के अनुसार उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ 7 नवंबर को सुबह 11 बजे भोपाल से हेलिकॉप्टर के द्वारा सुबह 11.35 बजे शुजालपुर पहुंचेंगे। हेलीपेड पर उतरने के पश्चात वे यहा रथ में सवार होकर रोड़ शो करते हुए सभा स्थल पहुंचेंगे और शुजालपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी इंदरसिंह परमार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 12.35 बजे मुख्यमंत्री श्री योगी हेलीकाप्टर द्वारा कालापीपल विधानसभा के पोलायकला पहुंचेंगे और यहां भाजपा प्रत्याशी घनश्याम चंद्रवंशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे देवास जिले की खातेगांव विधानसभा के लिए रवाना होंगे। इसी प्रकार गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल 08 नवम्बर को थांदला की नारेला विधानसभा से हेलिकॉप्टर द्वारा दोपहर 03.30 बजे शाजापुर विधानसभा के ग्राम चौसलाकुल्मी आयेंगे यहां वे कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी अरुण भीमावद के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 4.30 बजे वे हेलीकॉप्टर द्वारा इंदौर के लिए रवाना होंगे।

## नगर की स्वच्छता पर लग रहे हैं दाग, जिम्मेदार चिपके कुर्सी पर, डेंगू के बढ़ रहे हैं मामले, फिर भी कानों पर नहीं रेंग रही जूं



सिरोंज। नगर को साफ स्वच्छ बनाने के लिए लाखों रुपए पानी की तरह बर्बाद कर दिए गए फिर भी हालत जस के तस बने हुए हैं। सर्व टीमों को दिखाने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता के बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर पैसे जरुर बर्बाद कर दिए जाते हैं। शहर की समस्याओं के निधन के लिए कदम उठाने का काम जरूर नहीं किया जा रहा है। इसके कारण गंदगी और मच्छरों के प्रकोप नगर में बढ़ता ही जा रहा है, धरातल पर कुछ होता है नजर नहीं आ रहा है। शहर के मुख्य स्थान पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं बदबू और मच्छरों के कारण यहां से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। दूसरी ओर धार्मिक स्थल भी यहां पर पढ़ते हैं श्रद्धालुओं को आने-जाने में भी कठिनाई होती है। इसकी जानकारी होने के बाद भी मुख्य नगर पालिका के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सबसे बड़ी समस्या तो इन दिनों डेंगू पैर पसार रहा है। उसकी रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाऐ जा रहे। इसके मामले दिन ब दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। शहर में सार्वजनिक स्थान पर जगह-जगह कूड़े के डेर लगें हैं। जिसके चलते मच्छरों की संख्या बढ़ाने की संभावना अधिक होती है गंदगी के ढेर शहर में कई जगह देखने को मिल जाता है। बोरवाड़ी स्थित चतुर्भुज मंदिर के पास में नगर पालिका शादी हाल के पास कस्टम पर माताजी के मंदिर के थोड़े पहले ही घोड़े के ढेर लगे हुए हैं जो नगर की स्वच्छता को भी मुंह चिढ़ा रहे हैं जिम्मेदारों को भी आईना दिखा रहे हैं फिर भी जिम्मेदार आंखें बंद करके तमाशा देख रहा है हारने की बात तो है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपनी कार्यालय में बैठकर कुर्सी तोड़ना है, शहर की समस्याओं को देखने और जानने के दिन के लिए समय नहीं है साथ ही शहर वासी अपनी समस्या लेकर इनके पास जाते हैं तो उनकी सुनवाई भी इनके द्वारा नहीं की जा रही है ना ही नगर की समस्या को दूर करने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहे।

**इनका कहना है-**

समस्या के निराकरण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश देकर समस्या का समाधान करवाएंगे।

**हर्षल चौधरी एसडीएम चौधरी**

## कांग्रेस प्रत्याशी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क



मंदसौर। गरोठ भानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष कुमार सोजतिया ने शनिवार 4 नवंबर को गरोठ क्षेत्र के 16 ग्रामों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान सभी ग्रामों में श्री सोजतिया के समर्थन उमड़ा भारी जान सैलाब इस दौरान श्री सोजतिया का ग्रामीणों ने पुष्प हारो से स्वागत कर रिकॉर्ड मतों से जीत की कामना की वही बुजुर्गों ने श्री सोजतिया आशीर्वाद दिया। श्री सोजतिया ने शनिवार सुबह गरोठ क्षेत्र के ग्राम भुंडिया रुंडी से जनसंपर्क का शुभारंभ कर ग्राम खींची का डेरा, सुरावत का डेरा, बगाडा का खेड़ा, पंडरिया, एरी, बघुनिया, गोपालपुरा का खेड़ा, गोपालपुरा, पुनिया खेड़ी, लसूडिया, रलायती, रलायती का खेड़ा, देवरिया का खेड़ा, चोकटिया, चचावदा पठारी मे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनसंपर्क किया। श्री सोजतिया ने गांव में सभाओं संबोधित करते हुए कहा ऐसा कोई विभाग नहीं जहां पर जनता को सुविधा शुल्क न देना पड़ता हो, भाजपा नेता भ्रष्टाचार में इतना घिर गए हैं कि उन्होंने गरीबी रेखा वाले और निराश्रित पेंशन पाने वालों तक को नहीं छोड़ा, श्री सोजतिया ने कहा कि 18 वर्षों की पीड़ा अब समाप्त होने वाली है। क्योंकि प्रदेश में अब कांग्रेस की जन हितेषी सरकार का बनना तय है। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि कमलनाथ जी के वचन पत्र में जनता से जो वादे किए हैं उन्हें हर हाल में पूरा किया जाएगा। यह वचन पत्र आम जनता की जिंदगी में नई सुबह का आगाज करेगा।

2 रुपए किलो गोबर खरीदने का निणह्य, घरेलू बिजली 100 यूनिट माफ और 200 यूनिट हाफ एवं 5 हॉर्स पावर तक के कृषि पंपों को बिजली मफ्त, 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर, किसानों के 2 लाख तक की कर्ज माफी अपने आप में ऐतिहासिक फैसले हैं। महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1500 रुपए की राशी खाते में आएंगी, रसोई गैस टंकी 500 रुपए में दी जाएगी, ग्रामीण क्षेत्र में आवास के लिए ढाई लाख रुपए की राशि दी जाएगी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 1500 रुपए हर महा खाते में डाले जाएंगे, गेहूं का समर्थन मूल्य एमएसपी 2600 रुपए देंगे और 3000 रुपए तक बढ़ाएंगे, मजदूर भाइयों को 65 वर्ष की उम्र में सम्मान निधि देंगे, कमलनाथ सरकार वादा निभाने वाली सरकार है। इस अवसर पर पर बड़ी संख्या में महिलाएं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जनआर्शीवाद से छतरपुर में कमल खिलेगा तो हर ओर विकास दिखेगा: ललिता यादव

### -ग्राम छापर, हतना, पठापुर और गुरैया में गांव वालों ने कहा वे कमल खिलायेंगे



छतरपुर। जनसंपर्क के दौरान ग्राम हतना, पठापुर और गुरैया गांव पहुंचने पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री और भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव का जोरदार स्वागत करके ग्रामीणों ने भाजपा के पक्ष में जमकर नारे लगाये। सभी ने एक स्वर में कहा कि गांव में विकास के लिए वे कमल ही खिलायेंगे।

हतना गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि भाजपा ने तीसरी बार मुझ पर भरोसा जताकर प्रत्याशी बनाकर आपके बीच भेजा है। आप सबके विश्वास का समर्थन पाकर मैं पहले भी दो बार यहां से विधायक चुनी गई हूं। मैं हमेशा यही कहती हूं कि विधायक बनकर 90 लाख रूपये की विधायक निधि से हतना मार्ग का काम कराया, पंचायत भवन बनवाया सारे काम मैने कराये हैं। जो आपके बीच रहकर काम करे, प्राथमिकता से विकास करे ऐसे ही ही जनप्रतिनिधि को चुनना है। उन्होंने गांव वालों से कहा कि भाजपा सरकार ने एक दो नहीं कई ऐसी योजनाये शुरू की जिनसे हर वर्ग का जीवन स्तर सुधरा है। लाडली लक्ष्मी का भविष्य तय किया, किसानों को निधि देकर सम्मान किया, लाडली बहनो की आर्थिक मदद से सम्मान बढाया, संबल योजना से सहारा दिया, आयुष्मान कार्ड से मंहगा इलाज आसान बनाया। बस आपसे यही कहना है जो आपके काम आये, आपका जीवर स्तर सुधारे, सम्मान करे और सहारा दे ऐसी भाजपा को कमल के फूल के आगे का बटन दबाकर विजयी बनायें। मै आपसे वादा करती हूं कि आपके आर्शीवाद का कर्ज में पूरी जिंदगी आपकी सेवा करके अदा करती रहूंगी। जनआर्शीवाद से छतरपुर में कमल खिलेगा तो निश्चित है कि हर ओर विकास दिखेगा। हतना गांव में भी उनको बुजुर्गों ने सिर पर हाथ रखकर, महिलाओं ने गले लगाकर और गांव के पुरूषो ने तिलक लगाकर विजयश्री का भरोसा दिलाया है।

### पठापुर, गुरैया में जयकारों के साथ किया तुलादान

ग्राम पठापुर और गुरैया में रात के समय पहुंची भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव का स्वागत करने बडी संख्या में ग्रामीण गांव की सीमा पर खडे मिले। यहां गांव के बुजुर्ग और युवा भी भाजपा के पक्ष में नारेबाजी करते हुए उनके साथ गांव के घर-घर जनसंपर्क करने पहुंचे। दोनों गांवों में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उन पर पुष्पवर्षा की गई और उत्साह से करके तुलादान भी किया गया। इस दौरान गांव में भाजपा के पक्ष में उत्साह और जोश भरा माहौल देखने को मिला। यहां अपने उदबोधन में उन्होंने कांग्रेस सरकार को आडे हाथों लेकर उसे झूठ बोलकर वोट लेने वाली सरकार बताया। कांग्रेस सरकार पर लाडली लक्ष्मी योजना, संबल योजना जैसी लाभकारी योजनाओं को बंद करके जनहित के साथ खिलावाड करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों ने नारा दिया कि हम आयेंगे तो मंदिर वहीं बनायेगे। लो देख लो अयोध्या में मंदिर बन गया और 22 जनवरी को रामलला भी विराज जायेंगे। यानि भाजपा जो कहती वो करती भी है। गांव में पानी की समस्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा 311 करोड की परियोजना से शीघ्र ही हर घर में नल से जल पहुंचाने लगेगा। अपने दो बार के विधायक के कार्यकाल में अपने द्वारा कराये गए विकास कार्य का हवाला देते हुए वर्तमान विधायक पर केवल आलोक द्वार बनवाकर विकास को अनदेखा करने का आरोप भी लगाया। आमजन से आर्शीवाद मांगने पर श्रीमती ललिता यादव के सामने गांव वालों ने अपने दोनों हाथ उठाकर छतरपुर में कमल खिलाने का भरोसा भी दिलाया।

## सेना से रिटायर होकर लौटे जवान का गर्मजोशी से स्वागत, शहर में रैली निकाल कर किया अभिनंदन

सीहोर। देश की सीमाओं पर अपनी जान हथेली में रखकर भारतवर्ष तथा भारतियों की रक्षा करने वाले वीर जवानों के परिवार वालों को हमेशा एक अजीब डर रहता है। वह हमेशा इस बात से डरते है कि कहीं सीमा पर तैनात सैनिक (किसी का बेटा, पिता, पति) दुश्मन की गोली का शिकार ना हो जाए। लेकिन वहीं सैनिक जब अपनी सेवाएं पूरी कर अपने घर और गांव वापस लौटता है तो परिवार, दोस्त, संबंधी, नाते-रिश्तेदारों की खुशियों को ठिकाना ही नहीं रहता है।

भारतीय सेना में 17 सालों तक अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत होकर शहर के चाणक्यपुरी में रहने वाले महेन्द्र वर्मा का क्षेत्रवासियों और परिजनों ने दिल खोलकर स्वागत किया। उनको लौटने पर ढोल बाजे के साथ समाज के सभी वर्गों ने पुष्प व मालाओं से अभिनंदन किया गया।

भारतीय सेना में रहकर लगभग 17 वर्षों तक देश सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने घर लौटने पर शहर के चाणक्यपुरी में ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया, वहां मौजूद लोग भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाने लगे। इस संबंध में राजराजेश्वरी माता मंदिर समिति की ओर से जानकारी देते हुए समाजसेवी प्रवीण तिवारी ने बताया कि सेवानिवृत्त श्री वर्मा अपनी सेना की सेवा के दौरान जम्मू-कश्मीर में तैनात रहे है। उनके लौटने की खुशी पर क्षेत्रवासियों और कालोनीवासियों ने पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत किया और पुष्प माला के साथ किया। इस दौरान रिटायर्ड सैनिक ने अपने संदेश में कहा कि आगामी दिनों लोकतंत्र का महापर्व आने वाला है, इसलिए अधिक संख्या में मतदान करें। स्वागत करने वालों में क्षेत्रवासी प्रवीण तिवारी, हरीश जोशी, योगेश सक्सेना, संजय राठौर, जितेन्द्र नागर, अतुल तिवारी, दीपक पुरोहित, अजय तिवारी, शुभम राठौर, दीपक शर्मा, आनंद तिवारी, विनोद डसानिया, मेघराज चौहान, वीपी श्रीवास्तव, सतीश राठौर, हरीश सीठा, नितेश नागर, प्रिंस वर्मा, काव्यांश तिवारी, अगंद शर्मा, प्रखर तिवारी, अंकीत जोशी, रजत व्यास, मनमोहन व्यास आदि शामिल थे।

### इंडी गठबंधन का लक्ष्य देश का विकास नहीं, मोदी जी का विरोध करना है

## भाजपा ने जो वादे किए सभी पूरे करती है, कांग्रेस नहीं करती:राजनाथ

भिंड, । भारत को आजादी मिलने के बाद करीब 50 साल तक कांग्रेस पार्टी ने मध्यप्रदेश में हुकूमत की है। कांग्रेस 50 साल के शासनकाल में भी मध्यप्रदेश को विकसित राज्य नहीं बना सकी। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने कुछ सालों में ही मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बना दिया है। कांग्रेस के शासनकाल में दुनियाभर में मध्यप्रदेश की पहचान भारत के बीमारू राज्य के रूप में होती थी। आज दुनिया में कहा जाता है कि विकास कैसे करना है, कैसे किया जाता है तो मध्य प्रदेश की सरकार से सीखिए। मध्यप्रदेश देश का इकलौता राज्य है, जहां औद्योगिक विकास दर 24 प्रतिशत है। एक इंडी गठबंधन बना है, जिसका लक्ष्य देश का विकास करना नहीं, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का विरोध करना है। दो ऐसी चिड़िया भी इस समय मध्यप्रदेश में आ रही हैं, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी। सपा और बसपा मध्यप्रदेश में सिर्फ चुनाव के समय सक्रिय होती हैं, बाकी समय इन दोनों का मध्यप्रदेश की जनता से कोई वास्ता नहीं रहता। पहले कहा जाता था कि भारत सिर्फ कबूतर छोड़ता है, लेकिन अब चीता भी छोड़ता है। भाजपा सरकार ने बीहड़ों में विकास करके घर-घर नल से जल पहुंचाने का कार्य किया है। भाजपा ने जनसंघ के जमाने में कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक कानून बनाने और अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादों को पूरा किया है, जबकि कांग्रेस अपने वादे पूरे नहीं करती। यह बात रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भिंड जिले की गोहद, भिंड और अटेर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने गोहद व मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में रथ सभाओं को भी संबोधित किया है।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जैसी ईमानदारी से कार्य किया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। 2003 में कांग्रेस की सरकार के समय मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 11,700 रूपए थी। शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री बनने के बाद मध्यप्रदेश का इतना



विकास किया कि आज प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। यह मध्यप्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। भारत का इकलौता राज्य मध्यप्रदेश है, जहां औद्योगिक विकास दर 24 प्रतिशत हो गई है, यह सामान्य बात नहीं है। भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक कार्य किया है। लाल सिंह आर्य को तीन बार गोहद की जनता ने चुनाव जिताया है,

**किसानों को नकद राशि देने वाला मध्यप्रदेश देश का इकलौता राज्य:** केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी किसान सम्मान निधि के तहत देशभर के करोड़ों किसानों को 6 हजार रूपए प्रति वर्ष दे रहे हैं। लेकिन मध्यप्रदेश देश का इकलौता राज्य है, जहां मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार की तरफ से किसानों को 6 हजार रूपए प्रति वर्ष दिया जा रहा है। इस तरह मध्यप्रदेश के 80 लाख से अधिक किसानों को प्रति वर्ष 12 हजार रूपए भाजपा की डबल इंजन की सरकार दे रही है।

**अब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है:** केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने सभा में कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत का मस्तक पूरी दुनिया में ऊंचा हुआ है। अब भारत कमजोर देश नहीं रहा। कांग्रेस के समय भारत की बात को दुनिया गंभीरता से नहीं लेती थी, श्री मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अब भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। भाइयों एवं बहनों आपका भारत कमजोर भारत नहीं है। भारत को दुनिया का कोई भी देश आंख नहीं दिखा सकता।

**लाल सिंह आर्य को चुनाव जिताने नौजवान कमान संभालें** केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने गोहद से पार्टी प्रत्याशी श्री लाल सिंह आर्य को रिकार्ड मतों से चुनाव जिताने की अपील करते हुए कहा कि भिंड से बहुत सारे परिवारों के लाड़ले नौजवान सेना में हैं। सैनिक परिवार के सभी लोगों का मैं अभिनंदन करता हूं। गोहद विधानसभा क्षेत्र के नौजवानों का आह्वान करता हूं कि वे पार्टी प्रत्याशी श्री लाल सिंह आर्य को विधानसभा का चौथी बार चुनाव जिताने के लिए आगे आएं और प्रचार-प्रसार की कमान संभालें। नौजवान गांव-गांव जाकर केंद्र में श्री मोदी जी की सरकार और मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य जनता को बताएं।

प्रारूप ग - 1

:: आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा ::

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **मुदित चौरसिया-244, कालापानी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल**
राजनीतिक दल का नाम : **निर्दलीय प्रत्याशी**
निर्वाचन का नाम : **विधानसभा क्षेत्र 154**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **गोविंदपुरा**

मैं **मुदित चौरसिया** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ/करती हूँ:-

तालिका

| | | |
|---|---|---|
| (a) | एफ आई आर क्रमांक व संबंधित पुलिस थाने का नाम और पता | 258/2022 राजेन्द्र नगर, इंदौर |
| (b) | न्यायालय के नाम के साथ प्रकरण क्रमांक | xiii CJ 16 38/2022 |
| (c) | सम्बद्ध अधिनियमों / संहिताओं की धारा(ऐं) (धारा की संख्या दें, जैसे आईपीसी की धारा क्र. .................... आदि) | 294,323, 324, 506, 325, 326 भा.द.वि. धारा-125 भरण पोषण का प्रकरण |
| (d) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | पत्नी के द्वारा मेरे विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। |
| (e) | आरोप तय किए गए हैं या नहीं (हाँ या नहीं का उल्लेख करें) | नहीं |

# भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष मिश्रा के निवास पर पूर्व सैनिक एवं मिस के ठेकेदारों की बैठक

**भोपाल।** सिटी गांव में भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष मिश्रा के निवास पर पूर्व सैनिक एवं मिस के ठेकेदारों की बैठक को संबोधित किया गया इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में आज यह बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मेस में खेल ग्राउंड की मांग रखी गई और पीयूष



मिश्रा ने बताया कि विगत कई वर्षों से इस मांग को लेकर हमारी चर्चा प्रशासन से चलती रही है जिसको लेकर आज यह बैठक रखी का यह जिसमें पूर्व सैनिक को के बच्चे खेल कूदना चाहते हैं वह खेल नहीं पाते हैं इस कारण आज यह बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें हमारे विधायक रामेश्वर शर्मा की ने यह वादा किया है कि इस बार खेल मैदान के लिए में बात करूंगा और खेल मैदान जल्द से जल्द इस क्षेत्र में बनेगा जिससे बच्चों को कभी कोई दिक्कत ना आए पीयूष मिश्रा ने बताया कि वैसे की विधायक रामेश्वर शर्मा नेनाली हो या सड़क हो या स्ट्रीट लाइट हो कोई भी ऐसी जन समस्या हमारे क्षेत्र में नहीं है जिस जिसके कारण हम लोगों को परेशान होना पड़ता था वह विधायक रामेश्वर शर्मा जी ने हमारी हर समस्या का समाधान किया है आज इस मौके पर मैं एक ही बात कहना चाहूंगा कि हमारे विधानसभा में विकास कार्य होते हुए आए हैं और हमेशा होते हुए आएंगे और रामेश्वर शर्मा जी का धन्यवाद करूंगा जिन्होंने हुजूर विधानसभा में काफी विकास कार्य किए हैं बस यही निवेदन है कि बच्चों के लिए खेल मैदान के लिए जगह देखकर खेल मैदान बनवा दिया जाए जिसके कारण बच्चे खेलकूद में आगे निकल पाए

# इस दिवाली पर अच्छे पटाखे के साथ मार्केट में आए सोनी पटाका



**भोपाल।** हलालपुर फटाका मार्केट में सोनी पटाखा पर अच्छे पटाखे के साथ दीवाली मनाई जाएगी संचालक संजय सोनी ने बताया कि इस बार कम प्रदूषण के पटाखे मार्केट में आए हैं जिसके दम काम है और अच्छे पटाखे आए हैं जिसमें अलग-अलग तरीके के टाइगर पटक लक्ष्मी पताका फूल जडिया बड़े-बड़े पटाखे भी आए हैं जिनको पटाखा मार्केट में लेकर आया गया है और लोगों के लिए दिवाली का त्योहार बड़ा खूबसूरत त्यौहार होता है इसमें पटाखे की रौनक बहुत देखी जाती है जिसमें हमने अच्छे-अच्छे पटाखे लेकर आए हैं लोगों के लिए और लोगों से यही निवेदन है कि अच्छे से त्योहार मनाएं पटाखे चलाएं और सावधानी से चलाएं पटाखे आई हमारी सोनी पटक सेंटर पर जिसमें पटाखे का भंडार है और आपको अच्छे राम और अच्छे पटाखे मिलेंगे

# एचडीएफसी इर्गो ने रबी सीजन में मध्य प्रदेश के किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**खंडवा , एजेंसी।** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्य प्रदेश सरकार ने रबी, 2023 सीजन के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा और खरगोन जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है।

इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित निम्नलिखित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार कट-ऑफ तिथियाँ निम्नलिखित हैं पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को तूफ़ान, ओलावृष्टि, बाढ़, तूफ़ानी बारिश, बेमौसम बारिश, बादल फटने, प्राकृतिक कारणों से लगी आग जैसे कई बाहरी ख़तरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुक़सान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर संचालन करेगी। यदि सीसीई में फसल के कम आँकड़े पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि फसल की पैदावार कम हुई है, जिसके लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं। पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पादों को मध्य प्रदेश सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदन मिला है।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का टैक्स के बाद का प्रॉफिट, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 35त्न बढ़कर 751 करोड़ रु. दर्ज किया गया

**मुंबई ।** फाइनेंशियल रिजल्ट्स पर एक नज़र आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल की हाल ही में बैठक समाप्त हुई। इस दौरान 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए गैर-ऑडिट फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दे दी गई।

लाभप्रदता (प्रोफिटेबिलिटी) कोर ऑपरेटिंग इनकम में सुदृढ़ वृद्धि के चलते नेट प्रॉफिट 35त्न बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 751 करोड़ रु. हो गया, जो कि वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 556 करोड़ रु. था कोर ऑपरेटिंग प्रॉफिट (ट्रेडिंग लाभ को छोड़कर प्री प्रोविज़न ऑपरेटिंग प्रॉफिट) सालाना 38त्न की शानदार वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 1,456 करोड़ रु. हो गया, जो कि वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 1,052 करोड़ रु. था

नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई) 32त्न बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 3,950 करोड़ रु. हो गई, जो कि वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 3,002 करोड़ रु. थी

नेट इंटरेस्ट मार्जिन (आईबीपीसी और बिक्री का ग्रॉस) वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 6.32त्न था, जबकि वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में 5.83त्न और वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में यह 6.33त्न था

शुल्क और अन्य आय सालाना आधार पर 46त्न की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 1,376 करोड़ रु. हो गई, जो कि वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में 945 करोड़ रु. थी। वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के लिए खुदरा शुल्क कुल फीस का 93त्न है

कोर ऑपरेटिंग इनकम (एनआईआई प्लस फीस, ट्रेडिंग लाभ को छोड़कर) 35त्न बढ़कर वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 5,326 करोड़ रु. हो गई, जो कि वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में 3,947 करोड़ रु. थी।

# 5 चुनावी राज्यों में ओपिनियन पोल: एमपी- छत्तीसगढ़ में कांग्रेस तो राजस्थान में बीजेपी सरकार के आसार, मिजोरम- तेलंगाना में बदलाव नहीं



पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग इसी महीने होना है। 7 नवंबर को छत्तीसगढ़ की कुछ सीटों और मिजोरम में वोटिंग होगी। दोनों राज्यों में प्रचार रविवार (5 नवंबर) को थम जाएगा। सभी 5 राज्यों में सर्वे एजेंसी ष्ट-ड्डश्वह्लद्गह्र ने ओपिनियन पोल किया है। सर्वे के अनुमानों के अनुसार छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में कड़ा मुकाबला होगा। वहीं मध्य प्रदेश में कांग्रेस तो राजस्थान में बीजेपी की सरकार बन सकती है। मिजोरम में स्नहृन्न सत्ता में आते दिख रही है। सर्वे में पांचों राज्यों के करीब 63 हजार लोगों से बात की गई है। ये बातचीत 9 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच की गई है।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस

सर्वे के मुताबिक छत्तीसगढ़ की 90 सीटों में कांग्रेस को 45 से 51 सीट मिल सकती हैं। जबकि बीजेपी को 36 से 42 सीटें मिल सकती हैं। इसके अलावा 2 से 5 सीटों पर अन्य दल जीत हासिल कर सकते हैं। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को 45 फीसदी वोट मिल सकता है, जबकि बीजेपी को 43 प्रतिशत और अन्य को 12 प्रतिशत वोट मिलते दिख रहे हैं।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस को सत्ता

सर्वे के अनुसार मध्य प्रदेश में 230 विधानसभा सीटों में कांग्रेस को 118 से 130 सीटें मिलने की संभावना है। बीजेपी को 99 से 111 सीटें मिल सकती हैं। जबकि 0-2 सीटें अन्य के खाते में जा सकती हैं। कांग्रेस को 45 प्रतिशत, बीजेपी को 42 फीसदी और अन्य को 13 फीसदी वोट मिल सकते हैं।

राजस्थान में बीजेपी सत्ता में आ सकती है राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस को 67 से 77 सीट और बीजेपी को 114 से 124 सीटें मिल सकती हैं। वहीं 5 से 13 अन्य के खाते में जा सकती हैं। वोटों की बात करें तो कांग्रेस को 42 फीसदी वोट मिलने की उम्मीद है, जबकि बीजेपी को 45 फीसदी और अन्य को 13 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं।

## मिजोरम में स्नहृन्न की सरकार

सर्वे के मुताबिक मिजोरम में कुल 40 सीटें हैं। सर्वे में स्नहृन्न को 17 से 21 सीटें मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस को 6 से 10 सीटें, ढ्ढक्करूको 10 से 14 और अन्य को 0 से 2 सीटें मिलने की संभावना है। स्नहृन्न को 36 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। वहीं, कांग्रेस को 30 और ढ्ढक्करूको 26 फीसदी वोट मिलने की संभावना है। अन्य दलों को 9 पर्सेंट वोट हासिल हो सकते हैं।

## तेलंगाना में फिर बीआरएस

दक्षिण राज्य तेलंगाना में कुल सीटें 119 हैं। कांग्रेस को 43 से 55 और बीजेपी को 5 से 11 सीट मिल सकती हैं। वहीं बीआरएस को 49 से 61 सीटें मिलती दिख रही हैं। यहां 4-10 सीटों पर अन्य दलों के नेता जीत सकते हैं। कांग्रेस को 39 फीसदी बीजेपी को 14 प्रतिशत, बीआरएस को 42 फीसदी वोट मिल सकते हैं, जबकि अन्य को 6 फीसदी वोट मिलने की संभावना है।

# मुंबई सेंट्रल से कटिहार के लिए स्पेशल ट्रेन, किराया भी स्पेशल




**इंदौर।** पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और त्योहारी सीजन के दौरान उनकी मांग को पूरा करने के लिए मुंबई सेंट्रल से कटिहार के लिए स्पेशल गाड़ी चलाने का फैसला किया है। स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा।

गाड़ी संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेशल 11 से 30 दिसंबर तक मुंबई सेंट्रल से प्रति शनिवार को 10~30 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम (20.10/20.20, शनिवार) एवं उज्जैन (22.48/22.50) होते हुए प्रति सोमवार को प्रातः 7~30 बजे कटिहार जंक्शन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल स्पेशल 14 नवंबर से 2 जनवरी तक कटिहार से प्रति मंगलवार को 00.15 बजे चलकर रतलाम मंडल के उज्जैन (05.40/05.50, बुधवार) एवं रतलाम (07.50/08.00) बजे होते हुए प्रति बुधवार को 18~40 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी।

इस ट्रेन का दोनों दिशाओ में बोरीवल, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्?जैन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्?मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, मनिकापुर, बस्ती,खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया, सीवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया एवं नवगछिया स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

इस ट्रेन में सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही है। इस त्योहार स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच रहेंगे, जिसमें लगभग एक तरफ की यात्रा में एक बार में 1200 से अधिक यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। ट्रेन विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी।

# टिम कुक ने भारत को एक्साइटिंग मार्केट बताया

## एपल सीईओ बोले- यहां ज्यादा लोग मध्यम वर्ग में जा रहे, तिमाही में रेवेन्यू रिकॉर्ड बना

**कैलिफोर्निया ,एजेन्सी।** एपल इंक के सीइओ टिम कुक ने कंपनी के लिए भारत को बेहद एक्साइटिंग मार्केट बताया है। सितंबर तिमाही के दौरान एपल का औवरऑल रेवेन्यू बीती तिमाही की तुलना में कम हुआ है, लेकिन भारत में रेवेन्यू का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बना है।

एपल के सितंबर तिमाही में 89.5 बिलियन का रेवेन्यू दर्ज किया है, जो साल दर साल 1 प्रतिशत कम है। हालांकि कंपनी के आईफोन का रेवेन्यू अच्छा रहा है। इस तिमाही में आईफोन का रेवेन्यू 43.8 बिलियन रहा, जो साल-दर-साल 3 प्रतिशत ज्यादा है। टिम कुक ने कहा- सितंबर तिमाही में आईफोन का रेवेन्यू हमारी उम्मीदों से ज्यादा रहा है। भारत में रेवेन्यू के ऑलटाइम हाई रिकॉर्ड के साथ ही चीन, लैटिन अमेरिका, मध्य-पूर्व, दक्षिण एशिया सहित कई बाजारों में तिमाही रिकॉर्ड बने हैं। कुक ने भारत को लेकर कहा- एक बड़े मार्केट में हमारा शेयर कम है इसलिए ऐसा लगता है कि वहां बहुत अधिक गुंजाइश है... हम एक एक्स्ट्राऑर्डिनरी मार्केट देखते हैं - बहुत से लोग मध्यम वर्ग में जा रहे हैं। ऐसे में एपल का मेजर फोकस भारत की तरफ है। दिल्ली में एपल स्टोर की लॉन्चिंग के दौरान मॉल में चारों तरफ लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। टिम कुक ने कहा- भारत बहुत से लोग मध्यम वर्ग में जा रहे हैं, इसलिए यहां बहुत अधिक गुंजाइश है। दिल्ली में एपल स्टोर की लॉन्चिंग के दौरान मॉल में चारों तरफ लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। टिम कुक ने कहा- भारत बहुत से लोग मध्यम वर्ग में जा रहे हैं, इसलिए यहां बहुत अधिक गुंजाइश है।

**उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर रहे एपल स्टोर-** इस साल अप्रैल में, कंपनी ने देश में अपना पहला एपल रिटेल स्टोर लॉन्च किया - मुंबई में, उसके बाद दिल्ली में। कुक ने इस स्टोर्स को लेकर कहा- बहुत सारे पॉजिटिव्स हैं, हमने वहां दो रिटेल स्टोर खोले हैं और वे हमारी अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते दिनों इकोनॉमिक टाइम्स ने कंपनी की रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज फाइलिंग के हवाले से बताया था कि भारत में एपल ने फाइनेंशियल 2022-23 में टोटल 49,321 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया है।

# भाजपा की सरकार ने महंगाई बढ़ाकर महिलाओं के बटुआ और गुल्लक खाली किए

## कमलनाथ सरकार आने वाली है- हर वर्ग के लिए खुशहाली लाने वाली है -निधि जैन



**सागर।** कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन ने रविवार की अल-सुबह पुरानी गल्ला मंडी स्थित सब्जी मंडी पहुंचकर आम जनता तथा सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की। इस दौरान सब्जी लेने पहुंचे शहर की महिलाओं और पुरुषों ने जहां प्याज और सब्जियों के बढ़ते दामों पर चिंता जताई वहीं सब्जी विक्रेताओं ने मंडी में सुविधाओं का टोटा बताया।

सागर विधानसभा चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी निधि सुनील जैन ने अपने कई समर्थकों के साथ सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने पहुंचे जन सामान्य से मुलाकात कर अपने लिए समर्थन मांगा। यहां मौजूद महिलाओं द्वारा प्याज एवं अन्य सब्जियों की बढ़ती दामों को लेकर कहा कि भाजपा की सरकार में दाल और अनाज के दाम पहुंच से बाहर होने के बाद अब प्याज भी इतनी महंगी हो गई है कि दाल सब्जियों में बघार लगाना भी मुश्किल हो रहा है। यहां बैठी सब्जी विक्रेताओं ने भारी गंदगी और अव्यवस्थाओं को उजागर करते हुए भाजपा सरकार द्वारा किसी भी तरह की सुविधा नहीं देने का गुबार निकाला।

कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन ने सब्जी मंडी में मौजूद महिलाओं से कहा कि भाजपा की सरकार महंगाई बढ़ाकर भले ही उनका बटुआ और गुल्लक खाली कर दी है लेकिन कमलनाथ जी की सरकार आने वाली है और हर वर्ग के लिए खुशहाली लाने वाली है।उन्होंने कहा कि ऐसे ही आड़े समय के लिए ही कमलनाथ जी ने सभी महिलाओं को 15 सौ रुपए हर महीने नारी सम्मान निधि देने का वचन दिया है। इतना ही नहीं अब महिलाओं को अपने बच्चों की पढ़ाई, ड्रेस, किताबें, ट्यूशन, कोचिंग आदि किसी भी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि कमलनाथ जी ने हर बच्चे के लिए 500 से लेकर 1500 रुपए प्रतिमाह देने का भी वचन दिया है। निधि जैन ने झूठ और छल कपट की शिवराज सिंह सरकार को उखाड़ फेंकने व कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनने के लिए सागर विधानसभा क्षेत्र से भी योगदान देकर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान उनके साथ सब्जी मंडी पहुंचे पार्षद राकेश राय मदन सोनी विजय साहू राजा सेन मुकेश खटीक साजिद राईन अकबर पठान शहजाद खान जयराम खटीक अख्तर खान वर्षा जैन आदि ने कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन को हाथ के पंजा वाला बटन दबाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

# पुष्य-नक्षत्र में खरीद रहे कार, बड़े काम की एक्सेसरीज



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** दीपावली से ठीक पहले यानी 4 नवंबर शनिवार और 5 नवंबर, रविवार को पुष्य नक्षत्र है। इन दोनों दिन वाहन, ज्वेलरी, कपड़े और अन्य चीजों की खरीदारी का अक्षय लाभ मिलेगा। ऐसे में अगर आप नई कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो ये सही समय हो सकता है। कंपनियां कार के टॉप वैरिएंट्स में सेफ्टी, कम्फर्ट से लेकर कन्वीनियंस तक के एडवांस्ड फीचर देती हैं, वहीं बेस वैरिएंट में काफी कम फीचर्स मिलते हैं। ऐसे में अगर आपका बजट कम है और आप कार का बेस वैरिएंट खरीदने का प्लान कर रहे हैं या आपके पास पहले से कार है, तो हम यहां कई ऐसी जरूरी एक्सेसरीज के बारे में बता रहे हैं जो काफी काम की साबित हो सकती है।

## 1. कार की सेफ्टी और सिक्योरिटी के लिए एक्सेसरीज...

टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम ~ टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम में नॉब और डिवाइस होते हैं। व्हील के वॉल्व पर सेंसर से लैस नॉब लगाए जाते हैं। ये नॉब डिवाइस पर चारों टायर के एयर प्रेशर को बताता रहता है। इस डिवाइस को कार के डेशबोर्ड पर लगा सकते हैं, जो सोलर एनर्जी से चार्ज हो जाता है। ब्लाइंड स्पॉट मिरर ड्राइव करते समय जब आपकी कार को पीछे से कोई दूसरी गाड़ी ओवरटेक करती है तो एक स्पॉट ऐसा आता है, जब गाड़ी नहीं दिखती। ऐसे में उस ब्लाइंड स्पॉट पर गाड़ी देखने के लिए कॉन्वेक्स मिरर पर लगाए जाते हैं। ये वाइड एंगल व्यू प्रोवाइड करता है। इससे एक्सीडेंट होने के चांसेस कम हो जाते हैं।

**रिवर्स पार्किंग कैमरा :** आप अपनी कार में रिवर्स पार्किंग कैमरा लगवा सकते हैं, जिसकी मदद से कार को पार्क करना काफी आसान हो जाता है। इसके साथ आप फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर्स को जोड़कर भी आराम से कार पार्क कर सकते हैं।

**सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम-** ज्यादातर मॉडल्स में सेंट्रल लॉकिंग की सुविधा मिल जाती है, लेकिन अगर आपके कार में ये सुविधा मौजूद नहीं है तो आप कंपनी से या फिर बाहर से भी इस लॉकिंग सिस्टम को लगवा सकते हैं। इस सिस्टम के लगने के बाद आप गाड़ी के सभी गेट्स और डिग्गी को एक साथ लॉक और अनलॉक कर सकेंगे। रात में जब हम कार का दरवाजा खोलते हैं, तब कई बार कार के पीछे आ रहे लोगों को वो नजर नहीं आता। ऐसे में वायरलेस डोर वार्निंग लाइट लगाकर इस प्रॉब्लम को दूर किया जा सकता है।






# कार्यस्थल पर कामकाजी महिलाओं का उत्पीड़न रोकथाम जागरूकता वर्कशाप आयोजन

इनॉक्स एयर प्रोडक्ट द्वारा पोश एक्ट 2013 की जागरूकता के लिए बोमसा बाबई इंडस्ट्रीज एरिया कारखाने में वर्कशॉप आयोजित किया गई शिखा छिब्बर मास्टर ट्रेनर ने पोश एक्ट को विस्तार से बताया आवश्यक कानूनी प्रावधान के पालन एवम कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा की व्यवस्थाओं से अवगत कराया। कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया शिखा छिब्बर ने यह भी बताया की पोश एक्ट के अंतर्गत प्रत्येक संस्थान के लिए जागरूकता वर्कशाप करना सभी संस्थानों के लिए आवश्यक है इस अवसर पर यूनिट प्रमुख अनिल खेमसरा एच. आर प्रबन्धक जसजीत सिंग विधिक सलाहकार जी. के. छिब्बर एवम् समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# 17 नवम्बर को छिंदवाड़ा करेगा वोट
## विशाल मतदाता जागरूकता रैली
### मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देता नुक्कड़ नाटक, हस्ताक्षर अभियान आदि रहे आकर्षण का केंद्र,बुजुर्ग, दिव्यांग और युवा मतदाताओं का हुआ सम्मान



छिन्दवाड़ा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदाताओं को जागरूक करने एवं जिले में मतदान का प्रतिशत और बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प के मार्गदर्शन और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी पार्थ जैसवाल के निर्देशन में स्वीप के मेगा इवेंट का आयोजन आज जिले भर में किया गया। जिला स्तर पर आयोजित मेगा इवेंट के साथ ही छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले की सभी 7 विधानसभाओं में विधानसभा स्तर, विकासखंड और तहसील मुख्यालयों और सभी 1934 मतदान केंद्रों में मतदाता जागरूकता रैली और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मेगा इवेंट प्रातः के समय पोला ग्राउंड से प्रारंभ हुआ और फव्वारा चौक, इंदिरा तिराहा व बस स्टैण्ड होते हुए पुलिस ग्राउंड पर समाप्त हुआ जिसमें लगभग 10 हजार से भी अधिक लोगों ने सहभागिता की। पोला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में जहां एक ओर जुम्बा और मतदाता जागरूकता गीतों का आनंद सभी ने उत्साहपूर्वक लिया और झूम उठे, वहीं मतदाताओं को जागरूक करने यूथ वोट है ताकत और छिंदवाड़ा करेगा वोट थीम पर बनाए गए आकर्षक सेल्फी पॉइंट्स ने सभी को सेल्फी लेने पर मजबूर कर दिया। अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं, विद्यार्थियों सभी ने उत्साह के साथ सेल्फी निकाली और मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

इसके बाद पोला ग्राउंड से मतदाता जागरूकता की विशाल रैली प्रारंभ हुई जिसे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प और एसपी विनायक वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हजारों की संख्या में मतदाता जागरूकता का संदेश लिखी हुई तख्तियों को हाथ में पकड़े, एसएएफ बैंड के साथ यह मतदाता जागरूकता विशाल रैली/दौड़ फव्वारा चौक, इंदिरा तिराहा व बस स्टैण्ड होते हुए पुलिस ग्राउंड पहुंची, जहां पर बालाजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता गीत ...मैं भारत हूं, भारत है मुझमें......मतदान देने जायेंगे भारत के लिए...पर ऊर्जावान नृत्य की प्रस्तुति देकर मतदाताओं को जागरूक किया, तो वहीं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग के शासकीय कला पथक दल और आईपीएस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के लिए की गई विशेष सुविधाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा की जानकारी भी दी गई।

सुश्री पूजा श्रीवास्तव के नेतृत्व में जहां महिलाओं द्वारा पिंक थीम पर मानव श्रृंखला का निर्माण कर महिला मतदाताओं की जागरूकता का संदेश दिया गया, तो वहीं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा अलग- अलग रंग की थीम पर विविधता को दर्शाते हुए मानव श्रृंखला बनाकर 17 नवंबर, वोट फॉर एमपी प्रदर्शित किया गया।



## आज पांच दिवसीय प्रवास पर छिन्दवाड़ा आयेंगे कमलनाथ
### विभिन्न राजनीतिक कार्यक्रमों में होंगे सम्मिलित



**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का पांच दिवसीय प्रवास पर आज छिन्दवाड़ा होगा। आगमन उपरांत वे जिले की विधानसभा में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।सांसद कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का दिनांक 5 नवम्बर को अपराहंत 04.00 बजे विशेष वायुयान से इमलीखेड़ा हवाईपट्टी पर आगमन होगा, तत्पश्चात वे शिकारपुर के लिये प्रस्थान करेंगे। रात्रि 07.00 बजे नगर निगम के वार्ड क्रमांक 9 लहगडुआ में आयोजित जनसभा में उपस्थित होंगे। दिनांक 6 नवम्बर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री कमलनाथ का प्रात: 10.00 बजे जामई विधानसभा क्षेत्र के तामिया ब्लॉक के ग्राम चावलपानी में आगमन होगा, जहां वे आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरांत प्रात: 11.00 बजे पांढुर्ना विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले मोहखेड़ ब्लॉक के ग्राम लावाघोघरी पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। दोपहर 12.00 बजे छिन्दवाड़ा ग्रामीण के उमरिया ईसरा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरांत पूर्व सीएम नाथ का शिकारपुर आगमन होगा। सांय 05.15 बजे नागद्वावर चौक एवं सांय 05.45 बजे पुराना छापाखाना में आयोजित सभा में उपस्थित होंगे।

## संत पुजारी संघ द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने की अपील



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ के द्वारा शपथ ली अधिक से अधिक मतदान करने के लिए पूरे जिले भर में स्वयं भी करेंगे दूसरे से भी करवाएंगे जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी महाकौशल प्रभारी मनीष तिवारी नगर अध्यक्ष नंदू शर्मा शिव शंकर मिश्रा, धनंजय शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अभिषेक तिवारी, संजय तिवारी, मुकेश तिवारी, शिवनंदन गोस्वामी, गंगा द्विवेदी, नारायण शर्मा, सुरेश पांडे, कन्हैया दुबे, सुरेश शर्मा ,सुरेंद्र दुबे, पप्पू त्रिपाठी एवं समस्त मित्र मंडली मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ के द्वारा अधिक से अधिक मतदान जिससे प्रदेश की अच्छी सरकार स्थापित हो सके।

## स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली



हर्रई। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 123 के हर्रई विकासखंड स्वीप प्लान अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी निर्देशानुसार/ आदेश अनुसार रैली का आयोजन किया गया रैली मॉडल स्कूल प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न वार्डो से होते हुए तहसील कार्यालय होते हुए मॉडल हाई स्कूल मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में समापन किया गया इस आयोजन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजेश नरेंद्र सिंह , सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुधीर अग्रवाल (तहसीलदार), रत्नेश वेद परियोजना अधिकारी, पाठक प्राचार्य मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सी एम स्कूल एवं राजकुमार डेहरिया बी आर सी जनपद शिक्षा केंद्र एवं समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा भाजपा के समर्थन में करेंगे जनसंपर्क

छिंदवाड़ा। भाजपा छिंदवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा छिंदवाड़ा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क करेंगे। जिसमें दिनांक 06 नवम्बर को सुबह 10 बजे ग्राम उभेगांव, सायं 4 बजे राजना, दिनांक 8 नवम्बर को सुबह 10 बजे ग्राम कुहिया, दोपहर 1 बजे थांवरीकला, दोपहर 3 बजे धगड़िया, दिनांक 10 नवम्बर को सुबह 10 बजे खापाकला, दोपहर 12 बजे सांख, दोपहर 3 बजे उमरहर, दिनांक 13 नवम्बर को सुबह 10 बजे तरवाड़ा, दोपहर 1 बजे भानादेई एवं दोपहर 3 बजे घोघरा में जनसंपर्क करेंगे।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा किया गया फ्लैग मार्च



दमुआ। निर्वाचन आयोग एवं पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा की गाईडलाइन के आधार पर चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है इसलिए सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 122 के तहत दमुआ पुलिस थाना अंतर्गत क्षेत्र शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के गांव मौंडई चौगान ,घोड़ावाडी ,रामपुर तानसी, नंदन ,राखीकोल सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर भारी संख्या में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया पुलिस बल का नेतृत्व पुलिस थाना दमुआ के टी आई कोमल सिंह रघुवंशी जी कर रहे थे जबकि केंद्रीय रिजर्वपुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च में भारी संख्या में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल टी.आई., एस.आई., ए.एस.आई. सहित प्रधान आरक्षक आरक्षक, सहित दमुआ पुलिस थाना प्रभारी श्री कोमल सिंह रघुवंशी एवं पुलिस स्टाफ ए.एस.आई. मंगलेश्वर परिहार ,आरक्षक अनिल त्रिपाठी , आरक्षक मेनसिंग उईके एवं होमगार्ड सैनिक मोहम्मद अस्फाक मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

### दमुआ पुलिस ने स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

दमुआ। चेक बाउंस के मामले में परासिया पुलिस ने आरोपी बनाये मुकेश पिता गोविंद बोहत उम्र 50 वर्ष चेक प्रकरण क्रमांक 578/580 के मामले में पुलिस थाना परासिया में अपराध कायम किया गया था और मुकेश पिता गोविंद बोहत को आरोपी बनाया गया था इस तरह दूसरा प्रकरण भी प्रकरण क्रमांक 270/19 चेक क्रमांक(138) चेक बाउंस होने का प्रकरण बनाया गया था जिसमें पुलिस थाना परसिया में अपराध कायम किया गया था समय पर पेशी में न जाने पर स्थाई वारंटी के रूप में आरोपी फरार चल रहे थे पुलिस के प्रयास से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया स्थाई वारंटी को पकड़ने में परासिया एवं दमुआ पुलिस प्रधान आरक्षक आशीष कटारे एवं नगर सैनिक मोहम्मद अस्फाक की अहम भूमिका रही।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने किया गया फ्लैग मार्च



**दमुआ।** निर्वाचन आयोग एवं पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा की गाईडलाइन के आधार पर चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है इसलिए सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 122 के तहत दमुआ पुलिस थाना अंतर्गत क्षेत्र शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के गांव मौंडई चौगान ,घोड़ावाडी ,रामपुर तानसी, नंदन ,राखीकोल सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर भारी संख्या में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया पुलिस बल का नेतृत्व पुलिस थाना दमुआ के टी आई कोमल सिंह रघुवंशी जी कर रहे थे जबकि केंद्रीय रिजर्वपुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च में भारी संख्या में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल टी.आई., एस.आई., ए.एस.आई. सहित प्रधान आरक्षक आरक्षक, सहित दमुआ पुलिस थाना प्रभारी श्री कोमल सिंह रघुवंशी एवं पुलिस स्टाफ ए.एस.आई. मंगलेश्वर परिहार ,आरक्षक अनिल त्रिपाठी , आरक्षक मेनसिंग उईके एवं होमगार्ड सैनिक मोहम्मद अस्फाक मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## कांग्रेस की सरकार बनते ही जातिगत जनगणना कराई जायेगी: नकुलनाथ



छिन्दवाड़ा। पांढुर्ना विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मोहखेड़ ब्लॉक के ग्राम सांवरी में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये जिले के ऊर्जावान सांसद नकुलनाथ ने पांढुर्ना से भाजपा प्रत्याशी की चुनौती को एक बार फिर ललकारते हुये कहा कि बैंड तो बजेगा भाजपा की विदाई और कांग्रेस प्रत्याशी निलेश उइके की जीत पर। बैंड बजेगा महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का बैंड बजेगा। क्योंकि आप सभी के सहयोग से पुनः कमलनाथ मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। कमलनाथ और मैंने ठाना है खुशहाल और सम्पन्न मप्र व जिला बनाना है। आयोजित जनसभा में उपस्थित अपार जनसमूह को सम्बोधित करते हुये सांसद नकुलनाथ ने कहा कि आज दूसरी दफा सांवरी आया हूं, किन्तु आप सभी से मेरे पारिवारिक सम्बंध रहे हैं और आगे भी रहेंगे। इस मंच से मैं आप सभी को भरोसा दिलाता हूं कि कमलनाथके द्वारा किये गये सभी वचनों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जावेगा। कांग्रेस की सरकार बनते ही जातिगत जनगणना कराई जायेगी साथ ही ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। जय किसान कृषि ऋष्टा माफी योजना को पुनः प्रारंभ कर 2 लाख रुपये तक का कर्ज माफ किया जावेगा। किसानों को सिंचाई हेतु 5 हार्सपॉवर की विद्युत निःशुल्क प्रदान करेंगे। किसानों के बकाया विद्युत देयक माफ किये जायेंगे। किसान आंदोलन एवं विद्युत संबंधी झूठे व निराधार प्रकरणों को वापिस लिया जावेगा। नारी सम्मान योजना में महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये दिये जायेंगे। एक हजार रुपये में मिलने वाला रसोई गैस सिलेण्डर मात्र 500 रुपये में मिलेगा। इंदिरा गृह ज्योति योजना के अंतर्गत 100 यूनिट बिजली माफ और 200 यूनिट पर बिल हॉफ लिया जावेगा। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही पुरानी पेंशन बहाल की जावेगी, 2005 ओपीएस प्रारंभ किया जावेगा।

### स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं की निर्वाचन मैराथन दौड़ व रैली

चौरई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा नर्वाचन क्षेत्र 124-चौरई में मतदाता जागरूकता अभियान के मेगा इवेंट के अंतर्गत रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 124-चौरई एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारी प्रभात मिश्रा के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी स्वीप चौरई श्री विजय पवार, स्वीप प्रभारी चौरई श्री राकेश कुमार मालवीय के संयोजन में आज स्टेडियम ग्राउंड चौरई में सभी विभागों की सहभागिता के साथ लगभग 3000 स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं की निर्वाचन मैराथन दौड़ व रैली सम्पन्न हुई।

## फर्जी मेंटेनेंस ने खोली विधुत विभाग की पोल
### बिजली के तारों में झुल रही पेड़ की शाखाएँ

**छिंदवाड़ा।** मानसून पूर्व व मानसून पश्चात? बिजली के तारों विधुत उपकरणों के रखरखाव हेतु विधुत वितरण कंपनी के द्वारा मेंटेनेंस अभियान चला कर 5 से 7 घंटे तक बिजली बंद रखी जाती है इसके उपरांत भी अघोषित कटौती की जाती है विधुत वितरण कंपनी के मेंटेनेंस अभियान के बाद भी बिजली के तार पेड़ शाखाओं को छूते रहेंगे इससे यह साबित होता है कि विधुत विभाग मेंटेनेंस के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा करता है एवं मेंटेनेंस की औपचारिकता करता है उक्त आशय के जारी बयान में जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि दीपावली के त्यौहार से बिजली की मांग बढ़ जाती है इसके पहले ही बिजली की टिपिंग बढ़ रही है अभी कुछ दिनों पहले शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में मेंटेनेंस का शेड्यूल जारी कर घंटों बिजली कटौती की गई लेकिन कही पोल खेतों में लट रहे हैं या बिजली के तार झूल रहे हैं पेड़ों की शाखाएँ बिजली के तारों से टकरा कर दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रही है बिजली टिपिंग से किसानों में नाराजगी है अनेकों फीडरों में ओवरलोड होने से वोल्टेज की समस्या के चलते विधुत उपकरण खराब हो रहें हैं उन्होंने आगे बताया कि मेंटेनेंस के नाम पर विधुत वितरण कंपनी के लाखों रुपये खर्च किये जाते हैं।

## मतदाता जागरूकता अभियान में समाजसेवी संस्थाओं ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ



**छिंदवाड़ा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदाताओं को जागरूक करने जिला प्रशासन के आवाह्न पर सभी शासकीय अशासकीय संस्थाओं द्वारा जिला स्तर पर हुआ स्वीप के मेगा इवेंट का आयोजन विशाल मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन जिला कलेक्टर मनोज पुष्प एवं एस पी विनायक वर्मा सहित सभी प्रशासनिक अधिकारीयो की उपस्थिति में रैली एवम समस्त मतदाता जागरूकता अभियान, का आयोजन किया गया।साथ ही मतदाता जागरूकता की थीम पर जुंबा पर थिरके युवा आकर्षक सेल्फी पॉइंट, विद्यार्थियों और महिलाओं द्वारा बनाई गई विशाल मानव श्रृंखला, विद्यार्थियों द्वारा मतदाता गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति, हस्ताक्षर अभियान आदि रहे आकर्षण का केंद्र 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग मतदाता और पहली बार वोट करने जा रहे युवा मतदाताओं का हुआ सम्मान किया गया। विभिन्न स्कूली बच्चों ने 17 नवंबर एमपी में मतदान का मोनो बच्चों के द्वारा आकर्षक का केंद्र रहा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। जिसमे समाजसेवी रोटेरियन विनोद तिवारी, श्यामल राव, कुलदीप सिंह ठाकुर,अखिलेश जैन, श्रीमती लता नागले, तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू, अजीत मिश्रा, डाक्टर चंद्रकात विश्वकर्मा, संदीप अग्निहोत्री ,महेश बंदेबार,अमित बरखानियां,मुकेश दीक्षित,कामेश सूर्यवंशी, अलका शुक्ला, आराधना शुक्ला, डी आर आर अमन खान, सिद्धार्थ रामानंद, सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, रोटरी क्लब, रोटरेक्ट क्लब, बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकाश समिति, संकल्प बेल्फफेयर सोसायटी, कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति स्काउट गाइड, एन एस एस, एन सी सी, सहित शहर की शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संथाओ के प्रतिनिधियो ने मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप प्लान के अंतर्गत शपथ ली। एवम सभी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता दी।

## सर्वोदय अहिंसा ने दिलाया मतदान का संकल्प



**छिंदवाड़ा।** मैं भारत का नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेता हूं कि मैं अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखूंगा।मैं स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन, 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा और सभी को मतदान के प्रति जागरूक करूंगा।शनिवार के शुभ दिन उक्त संकल्प दिलाया सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने नगर के परासिया रोड स्थित सत्कार हीरो में आयोजित मतदान सभा में। जिसमे सत्कार हीरो के संचालक संजीव सिंघई सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्री जैन ने सभी को मतदान का महत्व बताकर सबसे निवेदन किया कि 17 नवंबर के दिन सारे काम छोड़ दो - सबसे पहले वोट दो।प्रात:काल की मंगल बेला पर उन्होंने पोला ग्राउंड में मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित मेगा इवेंट में सर्वोदय अहिंसा, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, एआईए प्रबंधन सहित स्वच्छता ब्रांड एंबेसडरों के साथ हिस्सा लिया और जिला प्रशासन के साथ रैली में सम्मिलित होकर जनमानस से मतदान करने की अपील की।

# कांग्रेस के विजय चौरे परिवार के चौथे सदस्य हैं जो विधायक एवं प्रत्याशी है
### नाना मोहोड़ चौथी बार भाजपा से चुनाव लड़ रहे है, इसीलिए असंतुष्ट है भाजपाई

गोविन्द चौरसिया





**छिंदवाड़ा।** सौसर विधानसभा क्षेत्र में 1977 से अभी तक अधिकांश चुनाव में रेवनाथ चौरे परिवार का कब्जा रहा है। 1977 में जब लोकसभा में देश में कांग्रेस का सफाया हो गया था। सिर्फ राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में कांग्रेस को एक-एक सीट मिली थी उस समय 1977 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से रेवनाथ चौरे विधायक चुने गए थे। उसके बाद 1980 में कमलनाथ छिंदवाड़ा की राजनीति में आए और उनकी रेवनाथ चौरे से पटरी बैठ गई और वे 1980 में भी विधायक बने और सिर्फ कमलनाथ की कृपया से अर्जुन सिंह के मंत्रीमंडल में मंत्री भी बने 1980 के बाद वे 1985 में भी विधायक बने और मंत्री रहे उनका 1985 में निधन हो गया और सौंसर का उपचुनाव हुआ और 1986 में उनकी पत्नि श्रीमति कमला चौरे विधायक बनीं। 1990 में चौरे परिवार को टिकट नहीं मिली कांग्रेस ने पारसचंद राय को टिकट दिया और वे भाजपा के रामाराव महाले से चुनाव हार गए। 1993 में कांग्रेस ने विठ्ठल महाले को प्रत्याशी बनाया और वे वर्तमान विधायक महाले से चुनाव जीते। 1998 में कमलनाथ ने रेवनाथ चौरे के पुत्र अजय चौरे को टिकट दिया और वे रामाराव महाले से चुनाव जीते। स्व. रेवनाथ चौरे, श्रीमति कमला चौरे के बाद पुत्र अजय चौरे विधायक बने।

2003 में कांग्रेस ने अजय चौरे को प्रत्याशी बनाया किन्तु वे रामाराव महाले के चेले नाना मोहोड़ से चुनाव हार गए पहली बार नाना मोहोड़ विधायक बने। 2008 में नानामोहोड़ ने कांग्रेस के युवराज जिचकर को हराया और दूसरी बार विधायक बने 2013 में कांग्रेस ने भागवत महाजन को टिकट दी और वे नानामोहोड़ से चुनाव हार गए नाना मोहोड़ तीसरी बार विधायक बने और मंत्री रहे। 2018 में कमलनाथ ने रेवनाथ चौरे के द्वितीय पुत्र विजय चौरे को कांग्रेस की टिकट दी और उन्होने नाना मोहोड़ को चुनाव हराया। इस प्रकार रेवनाथ चौरे परिवार से चौथे सदस्य विधायक बने। 2023 में विजय चौरे और नाना मोहोड़ फिर आमने सामने हैं। नाना मोहोड़ इन दिनों आर्थिक रूप से सक्षम प्रत्याशी हैं,रेत माफिया को उन पर संरक्षण देने का आरोप है। विजय चौरे को कमलनाथ का साथ है और वे मुख्यमंत्री प्रस्तावित हैं, जिसका फायदा विजय चौरे को मिलेगा। कांग्रेस की ओर से कमलनाथ के पुत्र सांसद नकुलनाथ दौरा कर रहे हैं। भाजपा एवं कांग्रेस के बाद गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं भाजपा के विद्रोही प्रदीप ठाकरे का भी नाना को सामना करना पड़ेगा। नाना मोहोड़ से असंतुष्ट सभी भाजपा ने प्रदीप ठाकरे का साथ देकर भाजपा से भीतरघात भी कर सकते हैं। नाना मोहोड़ को भाजपा ने पांचवी बार प्रत्याशी बनाया है वे 2003, 2008, 2013, 2018 और 2023 में प्रत्याशी बनाये गये है इससे नाराज होकर भाजपा व संघ के प्रदीप ठाकरे इनके विरूद्ध चुनाव लड़ रहें है।





## मध्यप्रदेश में निवेश और रोज़गार, अपार संभावनाएं बनाई जा चुकी हैं :मृणाल शेखर
### भाजपा सरकार की सीखो कमाओ योजना से युवा बन रहे है



छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 4 जुलाई से 'मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना' शुरू की । योजना के तहत इन युवाओं को अलग-अलग संस्थानों में काम करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। काम सीखने के दौरान 8 हजार रुपये मासिक से 10 हजार रुपये महीने तक स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। वर्तमान तक 12204 संस्थाएं सरकार से अनुबंध कर चुकी हैं, जबकि 4 लाख 46 हजार 64 युवा योजना में रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं जो सीखों कमाओं योजना से युवा सक्षम बन रहे है । भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 5 मार्च 2023 को 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' शुरू की थी। योजना के तहत प्रदेश की 1 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में प्रारंभ के समय एक-एक हजार रुपये प्रतिमाह लाडली बहनों के खाते जमा किए जिसकी पहली किश्त 10 जून को आई थी। इसके बाद लाडली बहनों को 1250 रूपये प्रतिमाह कर दी गई जिससे लाडली बहना योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। यह राशि आगे बढ़कर 3 हजार रूपये तक होगी। श्री साहू ने कहा कि आगे भी भाजपा सरकार की इन योजनाओं का लाभ आमजन को मिलता रहे तथा छिंदवाड़ा के सर्वांगीण विकास के लिए कमल के फूल पर बटन दबाकर भारी मतों से भाजपा को जिताएं ।भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के साथ बिहार से छिंदवाड़ा प्रवास पर पहुंचे भाजपा नेता मृणाल शेखर ने भी जनसंपर्क किया श्री शेखर ने कहा कि भाजपा सरकार ने नई स्टार्ट-अप नीति लागू की है। इस नीति से 2 हजार से अधिक स्टार्ट-अप्स और 30 से अधिक इन्क्यूबेटर्स कार्यरत हो चुके हैं। मध्यप्रदेश में निवेश और रोज़गार, अपार संभावनाएं बनाई जा चुकी हैं। युवाओं को रोज़गार मांगने वाले की बजाए रोज़गार देने वाला बनाने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना लागू की गई।

# कमल नाथ को सीएम शिवराज की चेतावनी, ऐसी गत बनाऊंगा कि ना तो जी सकोगे, ना मर सकोगे

**इंदौर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को महू, पीथमपुर, राऊ और इंदौर के मालवा मिल व गाड़ी अड्डा क्षेत्र में सभाएं कर चुनावी बिगुल बजाया। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोला, साथ ही भाजपा सरकार की योजनाओं का बखान भी किया।

राऊ के तेजाजी चौक में भाजपा प्रत्याशी मधु वर्मा के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री बोले कि कमल नाथ ने पिछले दिनों हमारी बहन जो डबरा से चुनाव लड़ रही थी, उसे आइटम कहकर संबोधित किया था। ये नहीं समझेंगे कि मां-बेटी की इज्जत करना क्या होता है। मैं बहन-बेटियों पर आंच नहीं आने दूंगा।

**कांग्रेस में आपस में कपड़े फाड़ने की राजनीति हो रही–** सीएम ने कहा कि जो उनको बुरी नजर से कोई देखेगा तो फांसी पर लटका दिया जाएगा। कमल नाथ सुन लेना, मुझे कुछ भी कह देना सहन कर लूंगा लेकिन मेरी बहन-बेटियों पर आंख उठाकर देखा तो ऐसी गत बनाऊंगा कि ना तो जी सकोगे, ना मर सकोगे। उन्होने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में आपस में कपड़े फाड़ने की राजनीति हो रही है। ये लोग कब्जे के लिए लड़ रहे हैं। इनका ढ़.ह्.ष्ठ.ढ्ढ्.भी खत्म हो गया है। लाड़ली बहनों, अगर कांग्रेस सत्ता में आ गई तो ना लाड़ली रहेगी ना बहना रहेगी। महू में भाजपा प्रत्याशी उषा ठाकुर के समर्थन में सभा में कांग्रेस नेताओं पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कमल नाथ, दिग्विजय सिंह सब सुन लेना मुझे जितनी गाली दो सुन लूंगा, पर मेरी बहनों पर आंख उठाकर देखा तो ना जीने दूंगा, ना मरने दूंगा। तुम्हारे कार्यकर्ता धमका रहे हैं। मेरे भांजे-भांजियों और बहनों पर उठने वाला हाथ बचेगा नहीं।



## मेट्रो के कारण किसी का घर टूटने नहीं दिया जाएगा

मालवा मिल क्षेत्र के मैदान में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के भाजपा प्रत्याशी महेंद्र हार्डिया के समर्थन में सभा में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेट्रो निर्माण के कारण किसी का घर टूटने नहीं दिया जाएगा, कांग्रेस सिर्फ अफवाह ही फैलाती है। कनाड़िया क्षेत्र में मेट्रो के निर्माण को लेकर लोगों के घरों को तोड़े जाने की अफवाहों पर मुख्यमंत्री ने यह बात कही। सीएम ने कहा कि कांग्रेसी मुझसे परेशान हैं। मेरे श्राद्ध के पोस्ट भी इंटरनेट मीडिया पर डाले। मैंने कहा- मामा मर भी गया तो राख के ढेर से खड़ा हो जाएगा। गाड़ी अड्डा क्षेत्र में गोलू शुक्ला के समर्थन में कहा कि इस चुनाव के जरिए आपको भाजपा के हाथ तो मजबूत करना ही है, लगे हाथ इस मामा को आशीर्वाद भी देना। कांग्रेस पर तंज कसा- एक दिल के टुकड़े हुए हजार, एक इधर गिरा एक उधर गिरा।

## शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने मप्र में दिया भाजपा को समर्थन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर उनके नेतृत्व वाली शिवसेना मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन कर दिया है। शिवसेना द्वारा कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजय दिलाने में पूरा सहयोग करेगी। बताया जा रहा है कि इस संबंध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को पत्र भी भेजा गया है।

## चुनाव से पहले सीएम शिवराज ने किए जनता से बड़े वादे

### लाडली बहनों को देंगे अब ये बड़ा तोहफा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अब प्रत्याशी मैदान में पूरी तरह से उतर चुके हैं। आए दिन जनता के बीच में जाकर उनसे आशीर्वाद लेते हुए नजर आ रहे हैं। बता दे कि, इस बार मध्यप्रदेश के रण में कई दिग्गज नेता भविष्य और दाव आजमाते हुए नजर आ रहे हैं। आए दिन प्रदेश में बड़े नेताओं की सभाएं आयोजित हो रही है।

इस बीच प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान भी जनता के बीच में जाकर उनसे कई बड़े वादे करते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में शनिवार को उन्होंने इंदौर में जनसभा को संबोधित करते हुए बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की लाडली बहनों को जो उज्ज्वला योजना के लाभ ले रही है उन्हें 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

इतना ही नहीं उन्होंने यहां भी स्पष्ट किया है कि वह यह बात राजनीतिक भाव से नहीं कह रहे हैं और उन्होंने इस दौरान शिक्षा को लेकर भी बात कही उन्होंने कहा है कि गरीब और मध्यम बर्गी बच्चों के लिए भी सीएम राइस स्कूल की स्थापना की जाएगी। चुनाव से पहले सीएम शिवराज का यह दाव काफी ज्यादा प्रभावित माना जा रहा है।

## नेता प्रतिपक्ष व लहर से कांग्रेस प्रत्याशी गोविंद सिंह ने फर्जी ऑडियो वायरल करने की शिकायत की

**भिंड।** नेता प्रतिपक्ष व लहर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गोविंद सिंह ने उनकी आवाज में फर्जी ऑडियो वायरल करने की शिकायत पुलिस से की है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि ऑडियो से उनकी छवि धूमिल हुई है। पुलिस ऑडियो की जांच कर रही है।



भिंड की लहर विधानसभा से नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह कांग्रेस प्रत्याशी हैं। उनके नाम का एक ऑडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें कांग्रेस के नेताप्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह ने रमेश कुशवाह (पूर्व सरपंच एवं जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी) असवार से अभद्र भाषा का प्रयोग कर संपूर्ण कुशवाह समाज का अपमान करना बताया गया है। ऑडियो वायरल करने के साथ साथ कहा गया है कि डॉक्टर गोविंद से वोट की चोट से बदला लेने का काम करें। जैसे ही यह ऑडियो गोविंद सिंह के संज्ञान में आया तो उन्होंने लहर थाने के प्रभारी को आवेदन दिया और बताया कि उनका फर्जी ऑडियो वायरल कर उनकी छवि को धूमिल किया गया है।

## कोविड से अनाथ हुए 843 बच्चों को स्नातक कक्षाओं में मिला प्रवेश, नि:शुल्क होगी पढ़ाई

**भोपाल।** प्रदेश के 1373 सरकारी और निजी कालेजों में इस साल 9.91 लाख यूजी व पीजी की सीटों पर करीब 5.93 लाख विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जबकि 3.98 लाख से अधिक सीटें खाली हैं। इस शैक्षणिक सत्र में स्नातक (यूजी) में कोविड से अनाथ हुए 843 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इनकी पढ़ाई निश्शुल्क कराई जाएगी। अब विद्यार्थियों के प्रवेश की स्क्रूटनी की जा रही है। विभाग ने जारी गाइडलाइन के तहत कोविड से अनाथ हुए विद्यार्थियों को निश्शुल्क प्रवेश दिया है। अब विभाग इनके शिक्षण शुल्क के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं भी करेगा। इनमें करीब आधा दर्जन विद्यार्थी भोपाल के हैं।

जिनके माता-पिता का निधन कोविड संक्रमण के कारण हुआ है, ऐसे 21 वर्ष या उससे कम उम्र के विद्यार्थियों को सरकारी व अनुदानित कालेज और विवि के यूजी कोर्स में निश्शुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इन्हें वार्षिक शुल्क, मेस के भुगतान के अलावा काशनमनी तक में राहत दी जाएगी। निजी विश्वविद्यालय और कालेजों की फीस का निर्धारण प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति द्वारा किया जाता है। ऐसे कालेजों की फीस या 15 हजार जो भी कम हो, उसका भुगतान बाल हितग्राही के आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जाएगा। वर्तमान में कोई विद्यार्थी प्रवेशरत हैं तो उसे भी इस योजना का फायदा दिया जाएगा। बता दें कि गाइडलाइन के अनुसार सभी बच्चे 24 साल की आयु तक ही इस योजना के तहत राहत के पात्र माने जाएंगे।

## मधुमक्खियों के हमले में दो बच्चों सहित चार लोग घायल

**खरगोन।** जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर टांडाबरूड़ क्षेत्र के सिनखेड़ी स्थित एक खेत मे उस वक्त अफरातफरी मच गई जब मधुमक्खियों ने खेत मे काम कर रहे लोगों पर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार मधुमक्खियों के हमले में एक ही परिवार के दो नवजात बच्चे और दो महिलाएं घायल हो गए।



घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में उपचाररत द्वारकीबाई ने बताया वे लोग शनिवार को शाम 4 बजे अपने खेत में कपास की सोटिया (काठी) उखाड़ रहे थे। द्वारकीबाई के अनुसार इसी दौरान खेत के पास लगे पेड़ से मधुमखियां उड़ने लगीं। छत्ते के रूप में किए हमले के चलते संभल नहीं पाए। मधुमखियों के हमले से बहू राधिका, अमन, रवींद्र व अनंत घायल हो गए। डाक्टरों के मुताबिक एक बच्चे की हालत गंभीर है। उसे आईसीयू में भर्ती किया है।

## अब सीईओ एम.पी. के व्हाट्सएप चैटबॉट से मतदाता निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के मतदाताओं की सुविधा के लिए सीईओ एम.पी. के नाम से व्हाट्एप चैटबॉट लांच किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश के मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां आसानी से मिल सके, इसके लिए मतदाताओं को व्हाट्सएप चैटबॉट की सुविधा प्रदान की गई है। इस नवाचार के तहत चैटबॉट के माध्यम से बातचीत कर मतदाता निर्वाचन से संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे मतदाता सूची में नाम दर्ज है या नहीं, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के तरीके, उसमें लगने वाले दस्तावेज आादि निर्वाचन से जुड़ी महत्वूपर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। यह हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में 24 घंटे उपलब्ध है। व्हाट्सएप चैटबॉट व्हाट्सएप चैटबॉट पर उपलब्ध है। नागरिक वेबसाइट पर जाकर आसानी से व्हाट्सएप चैटबॉट से जुड़ सकते हैं।

## मतदाता जागरूकता कार रैली संपन्न





**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र अनुपम राजन एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन आधिकारी भोपाल आशीष सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय एवं लायंस इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित विशाल कार रैली को लाल परेड ग्राउंड से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।इस दौरान जिला स्वीप नोडल ऋतुराज सिंह,एडीएम हरेन्द्र नारायण सहित लायंस इंटरनेशनल के अधिकारी एवं मेंबर्स भारी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने रैली में विंटेज कार में सवार होके रैली में भाग लिया और मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई। रैली में भोपाल शहर के कई सेलिब्रिटी भी रहे उपस्थित। उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील की।

## दो ट्रकों की आमने-सामने से भिड़ंत, दोनों जलकर खाक, दोनों के ड्राइवर भाग निकले

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के उज्जैन रोड पर बालोदा फंटा व रूपाखेड़ी के बीच गुरुवार सुबह दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दोनों में आग लग गई। हादसे के बाद दोनों के ड्राइवर व क्लीनर मौके से भाग गए। एक ट्रक पंजाब के बठिंडा से सल्फर भरकर इंदौर जा रहा था, जबकि दूसरा भोपाल से लोहे के पाइप लेकर नीमच जा रहा था। आग लगने से उन्हेल-उज्जैन रोड पर जाम की स्थिति बन गई।



टीआइ कुशालसिंह रावत ने बताया कि ट्रक ड्राइवर गोरधन जाट निवासी अजमेर राजस्थान ट्रक क्रमांक आरजे 09 जीडी 9539 में पंजाब के बठिंडा से सल्फर भरकर इंदौर जा रहा था। उन्हेल थाना क्षेत्र में सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक जीजे 01 एचटी 2749 से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। ट्रक ड्राइवर मनोज कुमार निवासी चंदौली उत्तर प्रदेश लोहे का पाइप लेकर भोपाल से नीमच जा रहा था। दुर्घटना के बाद दोनों ट्रकों में आग लग गई। इससे दोनों ट्रकों के ड्राइवर मौके से फरार हो गए। ट्रकों में आग लगने की सूचना पर उन्हेल पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड को उज्जैन से बुलाया गया था। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

**विस्फोट से हो सकता था बड़ा हादसा–** पंजाब से इंदौर जा रहे ट्रक में सल्फर की बोरियां भरी थी। ट्रक में आग लगने से सल्फर में आग लग गई थी। अत्यंत ज्वलनशील होने से सल्फर में विस्फोट की आंशका थी। गनीमत रही कि विस्फोट नहीं हुआ, अन्यथा हादसा गंभीर हो सकता था।

## हवाओं का रुख बदलने से दिन में गर्मी, रात में ठंड

**भोपाल।** वर्तमान में उत्तर भारत में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। मध्य प्रदेश में एक प्रति चक्रवात बना रहने से हवाओं का रुख भी बार-बार बदल रहा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, वर्तमान में हवाओं का रुख दक्षिण-पूर्वी बना रहने के कारण शनिवार को प्रदेश के अधिकतर शहरों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। सबसे अधिक 34 डिग्री सेल्सियस तापमान टीकमगढ़ में दर्ज किया गया। शुक्रवार-शनिवार की रात प्रदेश में सबसे कम 13.8 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। नौगांव सहित छह शहरों रायसेन, राजगढ़, बैतूल, छिंदवाड़ा, मंडला में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 11.2 डिग्री सेल्सियस पर रहा।



मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन ने बताया कि शुक्रवार को हवाओं का रुख उत्तर-पूर्वी बना हुआ था। इस वजह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट होने लगी थी। शनिवार को फिर हवाएं दक्षिण-पूर्वी चलने लगी हैं। इस वजह से तापमान में फिर बढ़ोतरी होने लगी है।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पिछले दो दिनों से मध्य प्रदेश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र पर एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। इसके प्रभाव से हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। इस वजह से दिन-रात के तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी चार-पांच दिन तक बना रह सकता है। सात नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में प्रवेश करने की संभावना है। उसके प्रभाव से मौसम में कुछ बदलाव आ सकता है।

## चुनावी समर में किस्मत आजमा रही महिलाएं, चुनाव प्रबंधन पति और स्वजनों के हवाले

**खंडवा।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में खंडवा जिले की पंधाना और खंडवा विधानसभा में महिला प्रत्याशी किस्मत आजमा रही है। इनमें दो भाजपा और एक को कांग्रेस ने मैदान में उतारा है। नारी सशक्तिकरण की दुहाई देकर इन्हे टिकिट दिलवाने की भागमभाग से लेकर चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी ही नहीं इनके नाम पर वोट मांगने के लिए भी पति और स्वजन जनसंपर्क कर रहे है।

चुनाव के लिए पार्टी की ओर से चुनाव संचालक और रणनीतिकार भी तैनात किए गए है लेकिन पूरी कमान पति, भाई, पिता और गाड फादर के हाथों में होने से चुनावी रण में प्रत्याशी का वजूद चेहरे तक की सिमट कर रह गया है।

खंडवा जिले में पंधाना सीट पर भाजपा और कांग्रेस ने महिलाओं को टिकिट दिया है। दोनों महिलाएं पूर्व में भी चुनाव लड़ चुकी हैं। लेकिन दोनों की राजनीतिक भूमिका बदल गई है। भाजपा प्रत्याशी छाया मोरे करीब दो माह पूर्व कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुई थीं। पिछला चुनाव कांग्रेस से लड़ी थी। जबकि इस बार कांग्रेस के खिलाफ चुनाव मैदान में है।

### पार्टी नेताओं के साथ ही स्वजन भी है सक्रिय

पंधाना विधानसभा में भाजपा ने चुनाव की कमान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर को सौंपी है। वहीं सुखदेव पटेल और जितेंद्र मंडलोई के मार्गदर्शन में चुनावी गतिविधियां पार्टी स्तर पर संचालित हो रही है। इसके समानातंर प्रत्याशी छाया मोरे के पति बैंककर्मी गोविंद मोरे तथा सलाहकार जायसवाल बंधु चुनावी मैनेजमेंट संभाल रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी मूलत-खरगोन जिले की होने से क्षेत्र के लोग भी चुनाव प्रचार में योगदान दे रहे है।

### वरिष्ठ नेता संभाल रहे कमान

कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी रूपाली बारे ने पिछला चुनाव कांग्रेस के खिलाफ निर्दलीय की हैसियत से लड़ा था। इस चुनाव में कांग्रेस के लिए वोट मांग रही है। इनके पिता नंदू बारे पहले दो बार यहां से कांग्रेस के टिकिट पर चुनाव लड़ चुके हैं। उनके निधन के बाद पिछले चुनाव में रूपाली ने पिता की जगह कांग्रेस से टिकिट मांगा था लेकिन टिकिट नहीं मिलने पर वे निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। चुनाव में समाजसेवी मधुभाई पटेल ने अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया था। वहीं इस बार वे भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में है। इस चुनाव में कांग्रेस की ओर से संचालन वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल कुमार जैन और अभिकर्ता सुरेश कनाडे दायित्व निभा रहे है। प्रत्याशी की रणनीतिकारों में स्थानीय स्तर पर कांग्रेसी नामदेव सक्रिय है।







### प्रत्याशी पत्नी की जगह स्वयं मांग रहे वोट

खंड़वा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कंचन तनवे पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रही हैं। कोई छह माह पूर्व वे भाजपा से अधिकृत नहीं करने पर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव निर्दलीय की हैसियत से लड़ चुकी है। चुनाव की पूरी रणनीति और संचालन उनके पति मुकेश तनवे ने संभाला था। सदस्य का चुनाव जीतने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में भी उनकी महत्ती भूमिका रही।

वे पंधाना तहसील में भाजपा संगठन में जिला महामंत्री और अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष के अलावा बलाही समाज में भी विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। उनका यह अनुभव विधानसभा चुनाव में भी पत्नी कंचन तनवे के काम आ रहा है।

भाजपा संगठन के अलावा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, मंत्री विजय शाह, महापौर अमृता अमर यादव चुनावी समर में उनके साथ नजर आ रहे है। इसके बावजूद चुनावी कमान पति मुकेश तनवे संभाले हुए हैं। इतना ही नहीं चुनाव प्रचार में प्रत्याशी पत्नी की जगह स्वयं घर-घर पहुंच कर वोट मांग रहे हैं।